

दैनिक

# जागो वर्ल्ड

www.dainik jago news .in



सजग,सटीक ,निर्भीक जागृति व सच का प्रतीक



**आज का विचार**

किसी के चेहरे की मुस्कुराहट की वजह ही बनो खुशी ही नहीं सुकून भी मिलेगा।

RNI No. : HPHIN/2015/64797 .शिमला / ऊना ,वर्ष 11 .अंक 123 .कुल पृष्ठ -12 . 17 जनवरी 2026 .मूल्य 5 रुपए

Shimla,Mandi,Kullu.Chamba,Hamirpur,Bilaspur,Kangra,Sirmour,Lahol-spiti,Una,Solan,Kinnour,Delhi,Hariyana,J&K,Punjab


## चीन के लॉन्ग मार्च-5 रॉकेट की विफलता से चंद्र मिशन और अंतरिक्ष स्टेशन परियोजनाओं में देरी

जागो वर्ल्ड -चीन

चीन में इस साल भारी उपग्रह प्रक्षेपित करने वाले रॉकेट के असफल प्रक्षेपण के कारण कई महत्वकांक्षी अंतरिक्ष योजनाओं में विलंब हो गया. इन योजनाओं में चंद्र मिशन और स्थायी अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण शामिल है. यह जानकारी चीनी अंतरिक्ष प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दी है. अब तक के सबसे भारी उपग्रह को ले जाने वाले रॉकेट लॉन्ग मार्च-5 वाई टू का प्रक्षेपण जुलाई में असफल हो गया था. इस प्रकार के रॉकेट को चंद्रमा पर चीन की नई खोज के



लिए भेजा जाना था और वहां से कुछ नमूने एकत्रित कर वापस आना था. चीन राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन के महासचिव तियान युलोंग ने बताया कि अधिकारी लॉन्ग मार्च-5 वाई टू के असफल प्रक्षेपण की अब भी जांच कर रहे हैं. सरकारी समाचार पत्र ग्लोबल टाइम्स की खबर के मुताबिक इसके असफल प्रक्षेपण के कारण कई बड़े अंतरिक्षयान मिशनों में विलंब हो गया.

## सरकाघाट में एचआरटीसी बस हादसा चालक-परिचालक समेत सात घायल

जागो वर्ल्ड - मंडी / सरकाघाट / सचिन शर्मा

सरकाघाट से गोभड़ता आ रही एचआरटीसी बस शनिवार को समसौह पंचायत के गांव हवाणी में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में चालक व परिचालक सहित कुल सात सवारियां घायल हुई हैं। सभी घायलों को तुरंत सरकाघाट अस्पताल लाया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। प्रशासन की ओर से सभी घायलों को 5-5 हजार की फौरी राहत प्रदान की गई। अस्पताल प्रभारी डॉ. संजीव ने बताया कि सभी घायल खतरे से बाहर हैं और उनकी हालत स्थिर है। कांग्रेस नेता पवन ठाकुर भी अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना। उन्होंने अस्पताल प्रभारी से घायलों को बेहतर चिकित्सीय सुविधाएं



उपलब्ध करवाने का आग्रह किया। साथ ही परिवहन निगम को निर्देश देने की मांग की कि बसों की समय-समय पर उचित मरम्मत की जाए तथा पुरानी और जर्जर बसों को सड़कों पर न चलाया जाए। उन्होंने कहा कि यदि बसें चलाने योग्य नहीं हैं तो सरकार को इसकी रिपोर्ट की जाए, ताकि किसी भी तरह का जान-माल का नुकसान न हो। इस मौके पर एसडीएम सरकाघाट राजेंद्र गौतम, तहसीलदार मनीष कुमार और जिला परिषद सदस्य मनीष शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शनों पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अमरीका-ईरान आमने-सामने

जागो वर्ल्ड - ईरान



ईरान में पिछले 19 दिनों से चल रहे सरकार विरोधी प्रदर्शन के बीच संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अमरीकी और ईरानी अधिकारी आमने-सामने आ गए। इस दौरान अमरीका के प्रतिनिधि ने तेहरान के खिलाफ कड़े तेवर दोहराए। अमरीका ने ईरान सरकार के विरोधी गुट के साथ मिलकर सरकार की उस खूनी कार्रवाई की निंदा की, जिसमें देशव्यापी प्रदर्शनों के दौरान कार्यकर्ताओं के अनुसार 2,637 लोग मारे गए। संयुक्त राष्ट्र में अमरीका के राजदूत माइक वॉल्ट्ज ने कहा कि मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कार्रवाई करने वाले व्यक्ति हैं। लंबी-लंबी बातें करने वाले नहीं। उन्होंने चेतावनी दी कि ईरान शासन के नेतृत्व को यह बात पता होनी चाहिए कि अमरीका इस नरसंहार को रोकने के लिए कोई भी कदम उठा सकता है। उन्होंने ईरान के लोगों की बहादुरी की सराहना की और कहा कि ईरान के लोगों ने इतिहास में कभी भी इतने जोरदार तरीके से आजादी की मांग नहीं की। वहीं सुरक्षा परिषद की बैठक में ईरान ने अमरीकी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। ईरान के उप राजदूत गुलाम हुसैन दर्जी ने जवाब दिया कि उनका देश टकराव नहीं चाहता, लेकिन अगर अमरीका की ओर से कोई आक्रामक कदम उठाया गया, तो ईरान जवाब देगा। दर्जी ने कहा कि अमरीका गलत जानकारी फैला रहा है और जानबूझकर अशांति को हिंसा की ओर मोड़ रहा है। दर्जी ने चेतावनी दी कि 'किसी भी तरह की कार्रवाई का निर्णायक और कानूनी जवाब दिया जाएगा।' उन्होंने कहा कि यह धमकी नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत दिया गया बयान है।

### ईरानी कार्यकर्ताओं ने सुनाई अत्याचारों की दास्तां

बैठक का सबसे भावुक पल तब आया, जब दो ईरानी कार्यकर्ताओं, मसीह अलीनेजाद और अहमद बतेबी ने अपनी आपबीती सुनाई। उन्होंने इस्लामी गणराज्य द्वारा किए गए अत्याचारों की दास्तां बयां की। अलीनेजाद ने सीधे ईरानी प्रतिनिधि को संबोधित करते हुए कहा कि आपने मुझे तीन बार मारने की कोशिश की है। मैंने अपने होने वाले हत्यारे को अपनी आंखों से अपने बगीचे में, अपने ब्रूकलिन स्थित घर के सामने देखा है। बातेबी ने बताया कि ईरान की जेलों में पहरेदार किस तरह उनके शरीर पर गहरे घाव करते थे और फिर उन पर नमक डालते थे। उन्होंने सुरक्षा परिषद से कहा कि अगर आपको मुझ पर विश्वास नहीं है, तो मैं अभी अपना शरीर दिखा सकता हूं। बातेबी ने राष्ट्रपति ट्रंप से ईरानी जनता को अकेला न छोड़ने की अपील की।

## महाराष्ट्र में 29 में से 23 निगमों में बीजेपी को बहुमत



जागो वर्ल्ड - महाराष्ट्र / मुंबई

29 में से 23 नगर महापालिकाओं में भाजपा गठबंधन को बहुमत; दो में आगे, ठाकरे बंधुओं से छीनी मुंबई पूरे महाराष्ट्र में भगवा दल ने अपने दम पर जीते 1400 से ज्यादा वार्डशिव सेना शिंदे को मिलीं 374 सीटें, कांग्रेस ने 330 वार्डों में दर्ज की जीतउद्धव ठाकरे की पार्टी को 176 सीटें, ओवैसी की पार्टी को भी मिली छह सीटें महाराष्ट्र में बीएमसी सहित 29 नगर महापालिका के चुनाव में भाजपा गठबंधन को 23 में स्पष्ट बहुमत मिला है, जिनमें ठाकरे बंधुओं का गढ़ बीएमसी भी शामिल है। दो अन्य नगर महापालिकाओं में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनी है, जबकि कांग्रसे को लातुरस हित दो नगर महा पालिकाओं में बहुमत मिला है। सबसे बड़ी नगर महापालिका बीएमसी की बात की जाए, तो इस पर पहली बार भाजपा गठबंधन का क जा हो गया है और ठाकरे बंधुओं की एकजुटता के बाद भी महायुति को स्पष्ट बहुमत मिला है। यहां खबर लिखे जाने तक 227 में से घोषित 215 चुनाव परिणामों में भाजपा को 88 और उसके साथी शिवसेना शिंदे को 28 सीटें और एनसीपी को तीन सीटें मिल गई थीं। यहां बहुमत का आंकड़ा 114 बनता है। इसके अलावा शिवसेना उद्धव ठाकरे को 66 सीटें मिलीं, जबकि उनके भाई राज ठाकरे की एमएनएस ने छह सीटें जीती थी। बीएमसी में कांग्रेस के खाते में 24 सीटें आईं, जबकि एनसीपी शरद पवार को एक ही सीट मिली। 10 सीटें अन्यों के खाते में गईं।

## निखिल ने मां की बालियां बेचकर चंडीगढ़ से खरीद कर लाया था चिट्टा, मुख्य सप्लायर भी गिरफ्तार



जागो वर्ल्ड -सोलन / स्वास्तिक गौतम

नशा माफिया के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सोलन जिला की कंडाघाट पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मामले की तह तक जाते हुए बैकवर्ड लिंकेज (Backward Linkage) के आधार पर कार्रवाई की और चिट्टा (हेरोइन) के मुख्य सप्लायर को चंडीगढ़ से गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने पहले ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था। न्यायालय से मिले 4 दिन के रिमांड के दौरान जब उनसे गहन पूछताछ की गई और तकनीकी साक्ष्यों को खंगाला गया, तो यह खुलासा हुआ कि उन्होंने यह नशा चंडीगढ़ निवासी दीपक नामक व्यक्ति से खरीदा था। चौंकाने वाली बात यह सामने आई कि आरोपियों ने नशा खरीदने के लिए सोने की बालियां बेचकर भुगतान किया था। इन तथ्यों की पुष्टि होने पर कंडाघाट पुलिस की एक विशेष टीम ने 15 जनवरी, 2026 को चंडीगढ़ के डड्डू माजरा कॉलोनी (सेक्टर-38) में दबिश दी। वहां से पुलिस ने 35 वर्षीय मुख्य सप्लायर दीपक, पुत्र डेंगू राम को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान आरोपी के क जे से करीब 14 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ है। इस प्रकार इस पूरे मामले में अब तक कुल 25 ग्राम हेरोइन पकड़ी जा चुकी है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर उसकी गाड़ी में छिपाकर रखी गई वो सोने की बालियां भी बरामद कर ली हैं, जो नशा खरीदने के लिए दी गई थीं। तस्करी में इस्तेमाल की गई गाड़ी को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी दीपक को आज यानी 16 जनवरी, 2026 को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस अब आरोपी के पुराने आपराधिक रिकॉर्ड को खंगाल रही है ताकि यह पता चल सके कि वह और किन-किन लोगों को नशा सप्लाई करता था। पुलिस का मानना है कि इस गिरफ्तारी से अंतरराज्यीय नशा तस्करी की एक बड़ी चेन को तोड़ने में मदद मिली है। मामले में आगामी जांच जारी है।

## एक अप्रैल से टोल प्लाजा पर नगद भुगतान होगा बंद

जागो वर्ल्ड - नई दिल्ली





भारत में हाईवे पर सफर अब पूरी तरह डिजिटल होने की दिशा में बढ़ रहा है। 1 अप्रैल से देश के सभी टोल प्लाजा कैशलेस हो जाएंगे। नए नियमों के लागू होने के बाद वाहन चालकों को टोल टैक्स चुकाने के लिए सिर्फ फास्टैग (FASTag) या UPI पेमेंट का ही इस्तेमाल करना होगा। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के इस फैसले का मकसद टोल प्लाज़ा पर लगने वाली लंबी लाइनों को कम करना और लोगों की यात्रा को आसान व तेज बनाना है। हालांकि अभी तक इसको लेकर कोई आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी नहीं हुआ है, लेकिन मंत्रालय इस बदलाव को बिना किसी परेशानी के लागू करने की तैयारी में जुटा है। कैश सिस्टम खत्म होने से ट्रैफिक जाम कम होगा और हाईवे पर सफ़र पहले से ज़्यादा आरामदायक बनेगा। U P I पेमेंट की सुविधा तैयार रखें, ताकि आगे चलकर किसी तरह की दिक्कत न हो। यह बदलाव मल्टी-लेन फ्री फ्लो (MLFF) टोल सिस्टम की ओर बढ़ाया गया पहला कदम माना जा रहा है। इस सिस्टम में ऐसी आधुनिक तकनीक इस्तेमाल की जाएगी, जिससे गाड़ियां बिना रुके और बिना किसी फिजिकल बैरियर के हाईवे की सामान्य रफ्तार से टोल एरिया पार कर सकेंगी। इस "नो-स्टॉप टोलिंग" व्यवस्था के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की टेक्नोलॉजी पर काम किया जा रहा है। फिलहाल इसे परखने के लिए भारत के 25 टोल प्लाज़ा पर पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर टेस्ट किया जा रहा है। अगर यह सिस्टम सफल रहता है, तो आने वाले समय में टोल प्लाज़ा पर रुकने की झंझट पूरी तरह खत्म हो सकती है और हाईवे सफ़र पहले से कहीं ज़्यादा तेज़ और आसान हो जाएगा। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे तुरंत अपना FASTag अकाउंट जांच लें। यह पक्का कर लें कि आपका FASTag एक्टिव है और उसमें पर्याप्त बैलेंस मौजूद है। अगर आप FASTag का इस्तेमाल नहीं करते हैं, तो यह सुनिश्चित करें कि आपका स्मार्टफोन UPI पेमेंट के लिए पूरी तरह तैयार हो। इससे टोल प्लाज़ा पर रुकने, देरी होने या जुर्माना लगने जैसी परेशानी से बचा जा सकेगा।

## तेज रफ्तार ट्रक ने कार को मारी टक्कर, गर्भवती महिला की मौत, तीन घायल

जागो वर्ल्ड -बिलासपुर / सुभाष चंदेल

हिमाचल प्रदेश के जिला बिलासपुर के तहत बलोह इलाके में सुरंग नंबर चार के पास सड़क दुर्घटना में एक गर्भवती महिला की मौत हो गई और उसके परिवार के अन्य तीन सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी गुरुवार देर शाम दी। पुलिस के अनुसार तेज रफ्तार ट्रक ने कार को टक्कर मारी। टक्कर से गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार लोग अंदर फंस गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को कार से बाहर निकाला और एम्बुलेंस की मदद से उन्हें अस्पताल पहुंचाया। सभी घायलों को विशेष इलाज के लिए हायर सेंटर भेज दिया गया है। अज्ञात ट्रक चालक के



खिला मामला दर्ज कर लिया गया है और फरार आरोपी का पता लगाने के लिए टीमें गठित की गयी हैं। जिसमें तेज रफ्तार को एक मुख्य कारण माना जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि राज्य में आग लगने की चार घटनाएं और तीन बड़ी सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं, जिनमें से कई सर्दियों के मौसम में राजमार्गों पर ब्लैक आइस के कारण हुई हैं। इन घटनाओं में पिछले 15 दिनों में कम से कम 35 लोगों की मौत हुई है

## सेब आयात शुल्क में कटौती से बागबानों को नुकसान, मुख्यमंत्री ने केंद्र से हस्तक्षेप की मांग

जागो वर्ल्ड - शिमला / टीना ठाकुर

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शुक्रवार शाम नई दिल्ली में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से भेंट की और सेब उत्पादन के पीक सीज़न (जुलाई से नवंबर) के दौरान सेब आयात पर प्रतिबंध लगाने का पुरजोर आग्रह किया। उन्होंने सेब पर आयात शुल्क बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने का भी आग्रह किया, ताकि विदेशी सेब के आयात से राज्य के बागबानों को हानि न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में लगभग 2.5 लाख किसान सेब उत्पादन से जुड़े हैं। राज्य के कुल फल उत्पादन में सेब का योगदान लगभग



80 प्रतिशत है। सेब उत्पादन से सालाना लगभग 4500 करोड़ रुपए की आय होती है। उन्होंने प्रदेश के बागबानों के हितों की रक्षा के लिए केंद्र सरकार से हस्तक्षेप का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले सप्ताह प्रदेश के बागबानों ने उनके समक्ष अपनी समस्याएं रखी थी, जिन्हें उन्होंने केंद्र सरकार के समक्ष उठाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने इस मामले को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के समक्ष भी रखा और बागबानों के हित में शीघ्र उचित कार्रवाई का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री को सेब पर आयात शुल्क कम किए जाने से बागवानों को हो रही हानि के बारे में भी अवगत करवाया। उन्होंने कहा की पिछले दस वर्षों में सेब आयात में लगभग अढ़ाई गुना वृद्धि हुई है

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक कामेश्वर शर्मा द्वारा निधि एंटरप्राइजेज, टुटू, शिमला 171011 से प्रकाशित तथा दुर्गा पेपर कन्वर्टर्ज़ तारादेवी से मुद्रित। दैनिक जागो वर्ल्ड से संबंधित सभी मामलों का निपटारा न्यायिक अधिकार क्षेत्र शिमला में ही होगा। फोन नंबर 9857388888 ,01772800002, पोस्ट बॉक्स नंबर 123 दी मॉल शिमला 17001,email -jagohimachalpradesh@gamil.com,kameshwarshimla@gmail.com

# 1,43,951 उपभोक्ताओं को 326 उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से उपलब्ध करवाया जा रहा सस्ता राशन : महेन्द्र पाल गुर्जर

जागो वर्ल्ड -ऊना / ब्यूरो रिपोर्ट



सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत 326 उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से जिला के 1,43,951 राशन कार्ड धारकों को लाभान्वित किया जा रहा है। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त महिन्द्र पाज गुर्जर ने आज अपने चैम्बर में आयोजित सार्वजनिक वितरण प्रणाली की त्रैमासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी उन्होंने बताया कि ऊना जिला में एपीएल श्रेणी के 8 4 , 2 8 3 बीपीएल के 1 8 , 7 9 0 अंत्योदय अन्न योजना के 9 9 7 7 तथा प्राथमिक गृहस्थियां के 30,901 उपभोक्ता शामिल हैं। उन्होंने बताया कि ज़िला ऊना में सभी राशनकार्ड धारकों की केवाईसी की जा चुकी है। एडीसी ने बताया कि जिला में माह अक्तूबर से दिसम्बर, 2025 तक 4 8 , 9 5 4 क्विंटल आटा, 2 9 , 9 8 1 क्विंटल चावल 4000 क्विंटल चीनी, 760 क्विंटल नमक, 2015 क्विंटल चना दाल, 1631 क्विंटल मल्का दाल, 2181 क्विंटल उड़द की दाल, 5,73,048 लीटर सरसों का तेल और 32,860 लीटर रिफाइंड ऑयल का वितरण किया गया है।उन्होंने बताया कि माह अक्तूबर से दिसम्बर, 2025 तक जिला में खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 696 निरीक्षण किये गये तथा विभिन्न विभागीय आदेशों के तहत 14,969 रुपये सरकारी कोष में जमा करवाए गए। इस अवधि में विभिन्न नियंत्रण आदेशों के तहत अनियमिताएं पाये जाने पर हिमाचल प्रदेश व्यापार लेख आदेश 1981 के तहत 16 निरीक्षण किए गए तथा विभिन्न अनियमितताओं के पाए जाने पर 2 मामलों पर कार्यवाही करते हुए 969 रुपये का जुर्माना किया गया। इसके अलावा 22 दुकानदारों और व्यापारियों को पॉलीथीन का उपयोग करने पर 11 हजार रुपये का जुर्माना किया गया। इसके साथ ही द्रवित पेट्रोलियम गैस 2000 के अंतर्गत 21 निरीक्षण किए गए और 3 मामलों में कार्रवाई करते हुए 3 हजार रुपये का जुर्माना किया इसके अतिरिक्त हिमाचल प्रदेश ब्रिक्स क्लिन नियंत्रण आदेश 1970 के तहत जिला में 1 0 ईंट भट्ठों का निरीक्षण किया गया।

# सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा कैंप में 95 लोगों की जाँच, 60 के टेस्ट

जागो वर्ल्ड - ऊना / हरोली / सिमरन कौर



तहसील हरोली के गाँव ललड़ी में आयोजित सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा के स्वास्थ्य कैंप में ग्रामीणों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। कैंप के दौरान कुल 9 5 लोगों की स्वास्थ्य जाँच की गई, जबकि 6 0 लोगों के विभिन्न चिकित्सकीय टेस्ट किए गए।कैंप में मौजूद मरीज वी. सी. जोशी ने सेवाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए बताया कि डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों ने समय पर जाँच कर सही परामर्श दिया उन्होंने कहा कि इस पहल से ग्रामीणों को घर के पास ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ मिल रही हैं, जिससे इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ता। इस स्वास्थ्य शिविर में डॉ. प्रदीप, रुचि, मनीष और निहाल ने टीम के रूप में सेवाएँ प्रदान कीं। उनकी मेहनत और समर्पण से ग्रामीणों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ् लाभ मिला।ग्रामीणों ने सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा को जनहित में अत्यंत उपयोगी व सराहनीय पहल बताया और भविष्य में भी ऐसे कैंप नियमित रूप से आयोजित करने की माँग की।

# दौलतपुर चौक क्षेत्र में स्मार्ट मीटरिंग शुरू, अब मोबाइल व ई-मेल पर मिलेगा बिजली बिल

जागो वर्ल्ड -दौलतपुर चौक / संजीव डोगरा



दौलतपुर चौक क्षेत्र के समस्त विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया गया है कि क्षेत्र में स्मार्ट मीटरिंग प्रणाली स्थापित की जा रही है। कई स्थानों पर स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं तथा शेष क्षेत्रों में यह प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से जारी है।स्मार्ट मीटर लगने के उपरांत अब बिजली उपभोग के आधार पर बिल मोबाइल नंबर अथवा ई-मेल के माध्यम से जारी किए जाएंगे। इस नई व्यवस्था के तहत उपभोक्ताओं को कागजी (हार्ड कॉपी) बिजली बिल उपलब्ध नहीं करवाया जाएगा। विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि वे बिजली बिल की हार्ड कॉपी की प्रतीक्षा न करें और मोबाइल संदेश या ई-मेल के माध्यम से प्राप्त बिल के अनुसार समय पर भुगतान सुनिश्चित करें, ताकि विलंब शुल्क या किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके। इसके साथ ही उपभोक्ताओं से यह भी अनुरोध किया गया है कि जिन उपभोक्ताओं का मोबाइल नंबर या ई-मेल आईडी अपडेट नहीं है, वे शीघ्र-अति-शीघ्र अपने संबंधित विद्युत कार्यालय अथवा फील्ड स्टाफ से संपर्क कर अपना विवरण अपडेट करवाएं। विभाग का कहना है कि स्मार्ट मीटरिंग प्रणाली उपभोक्ताओं की सुविधा, पारदर्शिता तथा स्वचालित व सटीक बिलिंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लागू की गई है। इसके सफल क्रियान्वयन के लिए आम जनता से पूर्ण सहयोग की अपेक्षा की गई है।

## हितेश लखनपाल का तबादला रद्द, ऊना में ही रहेंगे

जागो वर्ल्ड -ऊना /ब्यूरो रिपोर्ट

प्रदेश सरकार ने होमगार्ड विभाग में किए गए तबादलों में संशोधन करते हुए साल 2010 बैच के एचपीपीएस अधिकारी एवं होमगार्ड कमांडेंट हितेश लखनपाल का तबादला रद्द कर दिया है। जारी आदेशों के अनुसार अब हितेश लखनपाल ऊना में ही अपनी सेवाएं जारी रखेंगे। सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार पूर्व में जारी आदेशों के तहत कमांडेंट हितेश लखनपाल को 12वीं होमगार्ड बटालियन ऊना से 7 वीं होमगार्ड बटालियन कुल्लू में स्थानांतरित किया गया था, जिसे अब जनहित में तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। उधर, सरकार ने एक अन्य अधिसूचना में 1 2 वीं होमगार्ड बटालियन ऊना के कमांडेंट विकास सकलानी को 6 वीं होमगार्ड बटालियन मंडी में तैनात किया है। यह आदेश भी तत्काल प्रभाव से लागू होंगे।

# मैहतपुर में विद्यार्थियों ने निकाली "स्वदेशी संकल्प दौड़", आत्मनिर्भर भारत का दिया संदेश

जागो वर्ल्ड - मैहतपुर / बसदेहड़ा / ब्यूरो रिपोर्ट



## स्वदेशी जागरण मंच की पहल: मैहतपुर में विद्यार्थियों ने निकाली स्वदेशी संकल्प दौड़

स्वदेशी जागरण मंच जिला ऊना के तत्वावधान में आज मैहतपुर स्थित माउंट एवरेस्ट स्कूल में "स्वदेशी संकल्प दौड़" का सफल एवं गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के माध्यम से लोगों में स्वदेशी विचारधारा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना रहा।इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राओं ने " स्वदेशी अपनाओ, विदेशी भगाओ" जैसे प्रेरणादायी नारों से युक्त तख्तियां हाथों में लेकर रेलवे रोड मैहतपुर से मेन बाजार मैहतपुर तक अनुशासित ढंग से स्वदेशी संकल्प दौड़ निकाली, जिससे क्षेत्र में सकारात्मक जनजाग- रूक-ता का संदेश प्रसारित हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के एमडी सुभाष राणा ने विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या किरण राणा ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय स्तर पर बच्चों को नियमित रूप से स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग के लिए प्रेरित किया जाएगा तथा प्रार्थना सभाओं के माध्यम से भी इस विषय पर निरंतर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा ।स्वदेशी जागरण मंच जिला ऊना के जिला पूर्णकालिक प्रशिक्षक सत्यदेव शर्मा इस कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वदेशी केवल आर्थिक आंदोलन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण से जुड़ा हुआ एक व्यापक विचार है, जिसे अपनाकर देश को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है।कार्यक्रम के सफल आयोजन से विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, आत्म-निर्भरता एवं स्वदेशी के प्रति सकारात्मक सोच विकसित हुई।

# संतोषगढ़ में नशामुक्ति केंद्र से भागे चार मरीज, एक पकड़ा

जागो वर्ल्ड -मैहतपुर / बसदेहड़ा / ब्यूरो रिपोर्ट



## कर्मचारी को पीटा व उस से चाबियां छीनी ओर भाग गए

स्थित एक नशामुक्ति केंद्र में उपचाराधीन चार मरीज वीरवार दोपहर लगभग 12 बजे के आसपास फरार हो गए। यही नहीं फरार होने से पहले आरोपितों ने नशामुक्ति केंद्र के कर्मचारी को पीटकर उसका उस को बुरी तरह घायल कर दिया। जानकारी के मुताबिक फरार हुए मरीजों में हरप्रीत सिंह निवासी गांव सहोता, जिला नवांशहर (पंजाब), मनप्रीत सिंह निवासी मकी कला जिला फरीदकोट (पंजाब), अंशुल निवासी शेखपुरा जिला नर्वाशहर ( पंजाब) शामिल हैं। जशन निवासी गांव गोंदपुर जिला नवांशहर (पंजाब) को पकड़ लिया गया है। मैहतपुर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार मरीजों की तलाश जारी है। गौरतलब है कि भागे हुए अन्य तीन आरोपी साथ लगते घर से एक मोटरसाइकिल चुराकर ले गए हैं अभी तक ये तीनों आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर है सूत्रों की माने तो इन चारों मरीजों ने मरीजों ने पहले से ही भागने की योजना बना रखी थी। जैसे ही इन को मौका मिला , ये गेट पर तैनात कर्मचारी को मार पीट कर उस से गेट की चाबी छीन कर भाग निकले। निकलते निकलते इन लोगों ने रसोई में प्रयोग होने वाले वर्तन जैसे कि खोनचा, कड़छी इत्यादि हाथों में उठा ली ओर वहां से ये साथ लगते गांव में पहुंच गएउस के बाद चड़तगढ़ में स्कूटी छीनकर भागते समय गिरने पर एक को लोगों ने पकड़ा ओर उस को पुलिस के हवाले कर दिया गया भागने से पहले गेट पर तैनात नशामुक्ति केंद्र के कर्मचारी जतिंदर निवासी कुल्लू पर हमला कर दिया। इससे जतिंदर के हाथ में गंभीर चोट आई आप को बता दे कि चडतगढ़ क्षेत्र में वार्ड नंबर- 4 मोहल्ला जाट निवासी सुरजीत सिंह की स्कूटी छीनकर भाग रहे थे। स्थानीय लोगों ने जब उनका पीछा किया तो इनमें से एक चइतगढ़ क्षेत्र में गिर पड़ा, जिसे ग्रामीणों ने मौके पर ही पकड़ लिया। गुस्साए लोगों ने उसकी पिटाई कर दी।सूचना मिलते ही मैहतपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल जशन सिंह को ऊना अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल कर्मचारी को संतोषगढ़ के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चइतगढ़ के उपप्रधान भूषण दत्त ने बताया कि ग्रामीणों की सतर्कता से एक युवक को पकड़ लिया गया।

**वहीं एस पी ऊना ने बताया कि जिला ऊना के इंडस्ट्री एरिया स्थित पुलिस थाना मैहतपुर में प्रदीप कुमार सुपुत्र राम गोपाल निवासी बसदेहड़ा ने अपनी पुलिस को दी अपनी शिकायत में दर्ज करवाया हैं कि 15- जनवरी दिन के समय जब यह अपने घर को जा रहा था तो रास्ते में इसकी एक्टिवा न0 H P 2 0 G - 9 9 1 8 पर इसे 4 लड़के आते दिखाई दिये तथा इसने अपनी कार को रास्ते के वीच रोक दिया और उन चोरो ने इसकी गाड़ी के साईड से एक्टिवा निकालने की कोशिश की जिससे सामने खड़ी बाइक से टकरा गये व स्कूटी वहां छोडकर मौका से भाग गये । जो इसने गांव वासियों के साथ गांव चड़तगढ़ में उन चारों मे से एक लडके जशन सिंह पुत्र कुलवरन सिंह निवासी गांव गोदपुर, तह0 गढ़शंकर जिला होशियारपुर को पकड़ लिया जवकि वाकी तीन अंशुल, हरप्रीत व मनप्रीत वहां से भाग गऐ व भागते हुए सुरजीत सिंह पुत्र सरवन सिंह गांव चड़तगढ़ जिला ऊना के घर के बाहर खड़ी चाबी लगी बाईक P B - 7 4 - 6 2 4 5 को चुराकर के गए । जो इस को लेकर चार आरोपियों के खिलाफ B N S की विभिन्न धाराओं के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत करके आरोपी जशन सिंह उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस मामले की गम्भीरता को लेकर आगे की करवाई कर रही है।**

# राष्ट्रीय किसान संगठन का वार्षिक समारोह माता जमासनी में धूमधाम से संपन्न, विधायक विवेक शर्मा रहे मुख्यातिथि





जागो वर्ल्ड -बंगाणा / कुटलैहड़ / जोगिंदर देव आर्य

बंगाणा, राष्ट्रीय किसान संगठन का वार्षिक समारोह कुटलैहड़ के माता जमासनी मंदिर परिसर में बड़े ही हर्षोल्लास व गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने बतौर मुख्य तिथि शिरकत की। समारोह स्थल पर पहुंचते ही राष्ट्रीय किसान संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री देसराज मोदगिल, पदाधिकारियों व सदस्यों ने विधायक विवेक शर्मा का जोरदार पारंपरिक तरीके से भव्य स्वागत किया। मंच पर विधायक विवेक शर्मा को शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान संगठन के पदाधिकारी, स्थानीय प्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह का मुख्य उद्देश्य किसानों की समस्याओं, उपलब्धियों और भविष्य की रणनीतियों पर चर्चा करना रहा। कार्यक्रम के दौरान किसानों के हितों से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से विचार - विमर्श किया गया और सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जान कारी भी साझा की गई। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक विवेक शर्मा ने राष्ट्रीय किसान संगठन की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री देसराज मोदगिल किसानों की समस्याओं और मांगों को समय-समय पर सरकार के समक्ष मजबूती से उठाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की आवाज को संगठित रूप में आगे बढ़ाने का काम संगठन बखूबी कर रहा है, जिससे

## विवेक शर्मा बोले,राज्य के मुख्यमंत्री किसानों को आत्म निर्भर बनाने और उनकी आर्थिकी मजबूत करने के लिए धरातल पर चला रहे दर्जनों योजनाएं,



नीतिगत फैसलों में किसानों को लाभ मिल रहा है।विधायक विवेक शर्मा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की नीतियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुखबिंदर सिंह सुक्खू ने पद संभालते ही पहले दिन से ही किसानों के हितों को सर्वोपरि रखा। उन्होंने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य यह है कि किसानों की आय कैसे बढ़ाई जाए और प्रदेश के किसान किस तरह आत्मनिर्भर बन सकें। इसी सोच के साथ ठोस और व्यावहारिक योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि कृषि प्रधान देश होने के नाते भारत की लगभग 70 प्रतिशत आबादी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से खेती पर निर्भर है। ऐसे में किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। राज्य सरकार इसी दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। विवेक शर्मा ने कहा कि अब किसानों को गाय की रखवाली के लिए राज्य सरकार प्रति गाय का 1200 रुपए प्रति माह देती है। जब कि पूर्व भाजपा सरकार 500 से 700 रुपए देती थी। इसी प्रकार किसानों से पशुओं के दूध का मूल्य हमारी सरकार से 45 से बढ़ाकर 80 रुपए प्रति लीटर किया। और अनाज गेहूं मक्की आदि का मूल्य 1300 से बढ़ाकर 2500 रुपए किया है। ताकि राज्य के किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो। मोदगिल ने संगठन की ओर से किसानों से जुड़ी कुछ प्रमुख मांगें भी मंच के माध्यम से रखीं, जिनमें कृषि लागत कम करने, फसलों के उचित समर्थन मूल्य, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान की भरपाई को और सरल बनाने जैसे मुद्दे शामिल रहे। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याएं उनकी प्राथमिकता हैं और सरकार व संगठन मिलकर इनके समाधान के लिए कार्य करेंगे। समा- रोह का समापन सकारात्मक संदेश के साथ हुआ। किसानों ने उम्मीद जताई कि सरकार और संगठन के संयुक्त प्रयासों से आने वाले समय में कृषि क्षेत्र और अधिक मजबूत होगा। कार्यक्रम ने यह स्पष्ट किया कि किसानों की आवाज अब संगठित और प्रभावी रूप से शासन तक पहुंच रही है, जिससे भविष्य में किसानों को और अधिक लाभ मिलने की उम्मीद है। यह रहे मौजूद, इस मौके पर उपमंडलाधिकारी नागरिक बंगाणा सोनू गोयल तहसीलदार बंगाणा अमित कुमार वरिष्ठ पशु चिकित्सक अधिकारी डॉ राजेश कुमार जंगा खंड बिकास अधिकारी के एल वर्मा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रोहित चौधरी जल शक्ति विभाग के एक्सियन हरभजन सिंह कृषि अधिकारी सतपाल धीमान कुटलैहड़ कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राम आसरा शर्मा जिला पार्षद सत्या देवी बीडीसी सदस्य जोगेंद्र देव आर्य रमेश सोनी कर्नल रघुबीर सिंह के अलावा सेकंडों की संख्या में किसान बागवान एवं गणमान्य मौजूद रहे।

# लहूरी पावर प्रोजेक्ट के प्रभावितों के लिए पुनर्वास एवं विस्थापितकरण योजना के तहत विशेष बैठक का आयोजन

जागो वर्ल्ड -कुल्लू / प्रिया शर्मा



लहूरी पावर प्रोजेक्ट के प्रभावितों के लिए पुनर्वास एवं विस्थापितकरण योजना के तहत उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में शुक्रवार को विशेष बैठक का आयोजन बचत भवन में किया गया। इस बैठक में ठियोग के विधायक कुलदीप सिंह राठौर विशेष तौर पर मौजूद रहे। विधायक कुलदीप राठौर ने इस दौरान कहा कि प्रोजेक्ट की वजह से प्रभावितों को उनके हक नहीं मिल पा रहे है। रोजगार के लिए प्रभावितों को लंबे समय से आश्वासन ही प्रोजेक्ट प्रबंधन की ओर से दिए जा रहे है। प्रभावित प्रोजेक्ट के विरोध में नहीं है, लेकिन प्रोजेक्ट की ओर से उन्हें जो सुविधाएं एवं अधिकार मिलने थे, वे नहीं मिल रहे है। लोगों का आक्रोश जायज है। उन्होंने एसजेवीएन के प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि पुनर्वास एवं विस्थापितकरण योजना के तहत लोगों को लाभ देने में देरी न हो। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट की वजह से लोगों की जमीनें चली गई है और उनकी फसलें बर्बाद हो रही है। उनके आसपास का वातावरण भी दूषित हो रहा है। लेकिन इसके बदले में लोगों को प्रोजेक्ट की ओर से कोई लाभ मिल ही नहीं रहा है। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा कि पुनर्वास एवं विस्थापितकरण को लेकर 16 फरवरी को बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में एसडीएम रामपुर, एसडीएम कुमारसैन और एसजेवीएन के प्रतिनिधि प्रेजेंटेशन देंगे, जिसमें पुनर्वास एवं विस्थापितकरण की मौजूदा स्थिति के बारे में अवगत करवाया जाएगा। पर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी कानून एवं व्यवस्था पंकज शर्मा, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी प्रोटोकॉल ज्योति राणा, एसडीएम रामपुर हर्ष अमरेंद्र नेगी, एसडीएम कुमारसैन मुकेश कुमार सहित प्रोजेक्ट के प्रतिनिधि और अन्य हितधारक मौजूद रहे।

# संवैधानिक संस्था माननीय उच्च न्यायालय और अधिकारियों के साथ टकराव लेकर प्रदेश में एक संवैधानिक संकट को खड़ा कर रही

जागो वर्ल्ड -बिलासपुर/ सुभाष चन्देल



स्लग भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी विधायक रणधीर शर्मा ने बिलासपुर में पत्रकार वार्ता में कहा की प्रदेश की कांग्रेस सरकार जहां पर चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था माननीय उच्च न्यायालय और अधिकारियों के साथ टकराव लेकर प्रदेश में एक संवैधानिक संकट को खड़ा कर रही है पिछले कुछ महीनो से प्रदेश कांग्रेस सरकार की कार्य प्रणाली तानाशाहीपूर्ण रही है जब मई जून महीने में इलेक्शन कमिशन शहरी निकायों के चुनाव की था तो सरकार ने हस्तक्षेप करके चुनाव को रोकने का प्रयास किया इसके अलावा जब पंचायती राज चुनाव की तैयारी चुनाव आयोग कर रहा था उसे समय भी प्रदेश सरकार ने चुनाव आयोग के आदेशों की आवेलना करते हुए ना तो रोस्टर जारी करने दिया और ना ही चुनाव सामग्री एकत्रित करने के लिए निर्देश जारी किए पंचायती और नगर निकायों के चुनाव रोकने के लिए प्रदेश सरकार ने सीधा टकराव चुनाव आयोग से दिया 8 अक्टूबर को डिजास्टर एक्ट लगाकर डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी जो एक स्टेच्यूटरी बॉडी है उस निर्देश जारी करवा दिए इस तरह इस सरकार ने संवैधानिक संकट प्रदेश में खड़ा किया रणधीर शर्मा ने प्रदेश सरकार के मंत्रियों के बयानों पर भी पलटवार करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के मंत्री ऐसे ऐसे बयान दे रहे हैं जिनमें उपमुख्यमंत्री कहते हैं रात के अंधेरे में निपटा देंगे लोक निर्माण मंत्री रहते हैं हिमाचल के बाहर के अधिकारी काम नहीं करते और कल शिक्षा मंत्री ने कहा कि हिमाचल के भी अधिकारी काम नहीं करते समझने में नहीं आ रहा या तो मंत्री योग्य नहीं है या फिर अधिकारी बेलगाम है यह दोनों ही स्थितियां दुर्भाग्यपूर्ण है आवश्यकता होती है मंत्री अधिकारी एकजुट होकर कार्य करें प्रदेश के हित में जनता के हित में कार्य करें लेकिन इस तरह मंत्रियों का अधिकारियों के आमने - सामने खड़ा होना प्रदेश के हित में नहीं है गोपनीयता की शपथ लेने वाले मंत्रियों का व्यवहार असंवैधानिक है है

# सार गली स्थित अशोक विहार में लगातार दूसरे दिन भी चोरी की वारदात सामने आई

जागो वर्ल्ड -पांवटा साहिब/ जीडी शर्मा



दूसरे दिन भी उसी स्थान पर चोरी, CCTV में कैद हुई वारदात, दो युवक आए नजर पांवटा साहिब में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। नगर परिषद पांवटा के अंतर्गत सार गली स्थित अशोक विहार में लगातार दूसरे दिन भी चोरी की वारदात सामने आई है, जिसकी तस्वीरें घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई हैं। इस बार फुटेज में दो युवक संदिग्ध हालत में चोरी करते नजर आए हैं। जानकारी के अनुसार, मकान मालिक की गैर मौजूदगी का फायदा उठाकर दोनों युवकों ने अंधेरे का सहारा लिया और घर में घुसकर सामान पर हाथ साफ करने की कोशिश की। सीसी टीवी फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह युवक पूरी योजना के साथ घर में दाखिल होते हैं और सामान लेकर फरार हो जाते हैं।मकान मालिक ने बताया कि वे उस समय घर से बाहर थे और सीसीटीवी के जरिए ही उन्हें चोरी की जानकारी मिली। घटना सामने आते ही उन्होंने फुटेज मीडिया के साथ साझा की और पुलिस प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि कितना सामान चोरी हुआ है, लेकिन फुटेज में युवकों को सामान ले जाते हुए स्पष्ट देखा जा सकता है।लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने, संदिग्धों पर नजर रखने और चोरी की घटनाओं पर सख्त अंकुश लगाने की मांग की है।

# आइस हॉकी के बेहतर और उज्ज्वल भविष्य को सुनिश्चित करने हेतु हम निरंतर दिन-रात प्रयासरत



जागो वर्ल्ड -लाहौल -स्पिति/ रजीत सिंह

लाहौल के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य हेतु आइस हॉकी को मिल रहा नया संबललाहौल क्षेत्र के बच्चों के लिए आइस हॉकी के बेहतर और उज्ज्वल भविष्य को सुनिश्चित करने हेतु हम निरंतर दिन- रात प्रयासरत हैं। इसी कड़ी में आगे की उन्नत प्रशिक्षण प्रक्रिया को मजबूत करने के उद्देश्य से आवश्यक खेल उपकरण मंगवाए गए थे, जो अब सफलतापूर्वक लाहौल पहुँच चुके हैं।इन आधुनिक उपकरणों से न केवल खिलाड़ियों के प्रशिक्षण स्तर में सुधार होगा, बल्कि बच्चों का आत्मविश्वास भी बढ़ेगा और वे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे।यह पहल ज़िला परिषद सदस्य कुंगा बोध अनुजी के मार्गदर्शन एवं सहयोग से संभव हो पाई है। उनके निरंतर समर्थन और सकारात्मक सोच के कारण लाहौल में खेलों को नई दिशा मिल रही है।हम यह संकल्प लेते हैं कि आने वाले समय में भी बच्चों के प्रशिक्षण, सुविधाओं और संसाधनों को और बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे, ताकि लाहौल के युवा खिलाड़ी आइस हॉकी के क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ हासिल कर सकें।

# महाराष्ट्र के नगर निगम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने जीत हासिल की

जागो वर्ल्ड - हमीरपुर/ सुमित ठाकुर



हमीरपुर जिला भाजपा मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह बन्याल ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान हमीरपुर में बताया कि महाराष्ट्र के नगर निगम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने जीत हासिल की है। जिस पर विक्रम सिंह बन्याल ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में शिवसेना का एक छत्र राज हुआ करता था लेकिन भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कड़ी मेहनत करने के बाद महाराष्ट्र एमसी चुनाव में सफलता हासिल की है। जिसके लिए वह सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हैं। वहीं विक्रम सिंह बन्याल ने पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार पर भी जमकर निशाना साधा है उन्होंने कहा कि पंजाब में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। बिक्रम बन्याल ने कहा कि पंजाब में एक मीडिया संस्थान पर तोड़फोड़ की गई है। इससे साबित हो रहा है कि पंजाब में कानून नाम की कोई भी ही चीज नहीं है। वहीं सुजानपुर में सर्व कल्याणकारी संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल और सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के न पहुंचने पर सोशल मीडिया में तरह- तरह के सवाल उठाए जा रहे हैं । इन सवालों पर पलटवार करते हुए जिला भाजपा मीडिया प्रभारी विक्रम वनियाल ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल का स्वास्थ्य ठीक नहीं चल रहा था। जिसके चलते वह कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए हैं। वहीं उन्होंने बताया कि अनुराग सिंह ठाकुर अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में शामिल रहे जिसके चलते वह कार्यक्रम में नहीं पहुंच पाए

# गहन पुनरीक्षण (SIR) लोकतंत्र को सशक्त और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं आवश्यक प्रक्रिया




जागो वर्ल्ड -शिमला / टीना ठाकुर

शिमला संसदीय क्षेत्र के एक कार्यक्रम में बोलते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) लोकतंत्र को सशक्त और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं आवश्यक प्रक्रिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनाव आयोग एक स्वायत्त संवैधानिक संस्था है, जो निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर चुनाव प्रक्रियाओं में सुधार करती रही है। एसआईआर कोई नई प्रक्रिया नहीं है, बल्कि आज़ादी के बाद से यह निरंतर होती आ रही है, ऐसे में इस विषय पर अनावश्यक हो-हल्ला करना सर्वथा अनुचित है।डॉ. बिंदल ने कहा कि भारत गणराज्य भारतीय नागरिकों के लिए है और संविधान ने मतदान का अधिकार केवल भारतीयों को दिया है। लेकिन पिछले 4–5 दशकों में करोड़ों की संख्या में अनाधिकृत रूप से घुसपैठ करने वाले विदेशी नागरिकों ने गलत तरीकों से अपने वोट और आधार कार्ड बनवा लिए हैं। ऐसे लोग अपनी वोट की ताकत से चुनावों को प्रभावित कर रहे हैं। इस गंभीर समस्या के समाधान का कार्य चुनाव आयोग एसआईआर के माध्यम से कर रहा है, जो पूरी तरह राष्ट्रहित में है।उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ राजनीतिक दल वोट बैंक के लालच में राष्ट्रहित के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। घुसपैठियों को संरक्षण देना, उनकी वोट बनवाने में सहायता करना और उनके आधार पर चुनाव जीतने की कोशिश करना देशद्रोह के आह्वान किया कि एसआईआर की प्रक्रिया में पूर्ण सहयोग दें और सभी राजनीतिक दल प्रदेश व राष्ट्रहित में इस अभियान के समर्थन में एकजुट होकर खड़े हों।

# ‘व्यवस्था परिवर्तन’ पहल के तहत राज्य में पशुपालकों को आजीविका के नए अवसर उपलब्ध करवाने की दृष्टि से निरंतर रणनीतिक प्रयास किए जा रहे

जागो वर्ल्ड -शिमला/ टीना ठाकुर



मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू की ‘व्यवस्था परिवर्तन’ पहल के तहत राज्य में पशुपालकों को आजीविका के नए अवसर उपलब्ध करवाने की दृष्टि से निरंतर रणनीतिक प्रयास किए जा रहे हैं। पारंपरिक समुदायों का समावेशी विकास सुनिश्चित करने के लिए सरकार पशुपालकों को ग्रामीण अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण स्तंभ मानते हुए संस्थागत सुधारों की दिशा में कार्य कर रही है।इस उद्देश्य के दृष्टिगत सरकार ने ‘हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र में चरवाहों के लिए रोज़गार’ के तहत राज्य सरकार ने सतत लघु एवं सशक्त हिमालयी घुमन्तु गद्दी समुदाय के लिए एक महत्वकांक्षी परियोजना को मंज़ूरी दी है। परियोजना के तहत आजीविका सुरक्षा, पारिस्थितिक संरक्षण, पारंपरिक चरवाहा प्रथाओं का आधुनिकीकरण, स्थानीय नस्लों का संरक्षण और मजबूत बाजार संबंधों का निर्माण करके पशुपालकों के लिए स्थायी आय सुनिश्चित की जाएगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना, पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखना, पारंपरिक पशुपालन प्रणालियों का आधुनिकीकरण और देशी नस्लों का संरक्षण करना है। उन्होंने कहा कि हिमाचल में भेड़ और बकरी पालक चरवाहों की पर्याप्त संख्या है। सरकार की इस योजना से इस समुदाय के लोेग लाभान्वित होंगे। परियोजना के तहत उन्नत भेड़ एवं बकरी पालन प ्रथाओं पर आधारित फार्मों की स्थापना से नस्ल सुधार को व्यापक रूप से लागू किया जाएगा। सरकार उत्पादकता और आर्थिकी को बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीकों जैसे पशुधन का डिजिटल पंजीकरण, क्रॉस-ब्रीडिंग, अनुवांशिक सुधार कार्यक्रम, कृत्रिम गर्भाधान और मोबाइल पशु चिकित्सा सेवाओं को शामिल करने की योजना बना रही है।स्थानीय नस्लों जैसे गद्दी भेड़ और बकरियों, रामपुर बुशहरी भेड़ और चेगु बकरियों के संरक्षण, संवर्धन और सुदृढ़ीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि उनकी अनुवांशिक विविधता और हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र में उनकी प्राकृतिक अनुकूलता बनी रहे। इस क्षेत्र में बाजार की मांग को ध्यान में रखते हुए सरकार ऊन, बकरी का दूध, मक्खन और मांस जैसे पशुपालन उत्पादों के विपणन के लिए पर्याप्त बुनियादी ढांचा विकसित करेगी। इसमें ऊन कीगुणवत्ता प्रमाणन, प्रचार- प्रसार तंत्र आदि शामिल किए जाएंगे, ताकि पशुपालकों को उनके उत्पाद के बेहतर दाम मिले। नीति में वित्तीय प्रोत्साहन, बीमा कवरेज और सामाजिक सुरक्षा उपाय भी शामिल हैं, जिनमें संवेदनशील सीमा क्षेत्रों के पशुपालकों के लिए विशेष प्रावधान रखा गया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि पशुपालकों, ब्रीडरों और युवा लक्षित प्रशिक्षण कार्यक्रमों, जागरूकता अभियानों और विस्तार सेवाओं के माध्यम से सशक्त किया जाएगा।

## प्रदेश में मौसम ने बदली करवट; 19, 21 को मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बारिश, बढ़ेगी शीतलहर

जागो वर्ल्ड - शिमला / टीना ठाकुर



हिमाचल प्रदेश के कई भागों में मौसम ने करवट बदली है। रोहतांग सहित लाहुल की ऊंची चोटियों पर शुक्रवार शाम से हल्की बर्फबारी शुरू हुई है। है। बरठीं, हमीरपुर, बिलासपुर, मंडी और ऊना में शीतलहर दर्ज की गई है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार राज्य में आने वाले दिनों में अच्छी बारिश-बर्फबारी होने की उम्मीद है मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार 19 और 21 जनवरी को मध्य और ऊंचे पहाड़ी इलाकों में कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश-बर्फबारी होने की संभावना है, जबकि 20 व 22 जनवरी को राज्य में कुछ जगहो पर अच्छी बारिश-बर्फबारी होने के आसार हैं। 19 जनवरी को राज्य में एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इसके प्रभाव से 20 व 22 जनवरी को मैदानी भागों में अच्छी बारिश, जबकि मध्य व उच्च पर्वतीय का पूर्वानुमान है।पारे में दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट अगले 2-3 दिनों में न्यूनतम तापमान 2-3 डिग्री सेल्सियस बढ़ने की संभावना है, इसी तरह अगले 24 घंटों में राज्य के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान 2-3 डिग्री सेल्सियस बढ़ने के आसार हैं, उसके बाद 3-4 दिनों में धीरे-धीरे 3-5 डिग्री सेल्सियस गिरने की संभावना है।कहां, कितना न्यूनतम तापमान शिमला में न्यूनतम तापमान 10.5, सुंदरनगर 1.6,भुंतर 1.0, कल्पा 0.6, नाहन 6.0, पालमपुर 4.0,सोलन 0.1, मनाली 2.6,कांगड़ा 4.4, मंडी 2.3,बिलासपुर 4.0, हमीरपुर 2.1, जुब्बड़-हट्टी 6.8,कुफरी 8.5, कुकुमसेरी -3.8, नारकंडा 5.0,रिकांगपिओ 2.8, से ऊबाग 0.4, बरठीं 1.1,चौपाल 10.3, पांवटा साहिब 8.0, सराहन 8.5, ताबो -5.2, नेरी 8.6 व बजौरा में 3.2डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

## बद्दी में एयर क्वालिटी इंडैक्स का स्तर चिंताजनक, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने दिए पानी का छिड़काव करने के निर्देश

जागो वर्ल्ड -बद्दी / स्वास्तिक गौतम

औद्योगिक क्षेत्र बद्दी की आबोहवा लगातार खराब होती जा रही है। बढ़ते वायु प्रदूषण को देखते हुए हिमाचल प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने प्रमुख सड़कों, औद्योगिक क्षेत्रों, हाईवे और निर्माणाधीन मार्गों पर पानी का छिड़काव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि वातावरण में धूलकण न उड़ें और लोगों को कुछ राहत मिल सके। संबंधित विभागों विशेषकर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को तत्काल प्रभाव से इस व्यवस्था को लागू करने के आदेश दिए गए हैं। बोर्ड का कहना है कि इससे सड़कों से उड़ने वाली धूल पर नियंत्रण पाया जा सकेगा और वायु गुणवत्ता में कुछ हद तक सुधार आएगा। बद्दी में एयर क्वालिटी इंडैक्स (एक्यूआई) का स्तर चिंताजनक बना हुआ है। शुक्रवार को बद्दी का एक्यूआई 313 रिकॉर्ड किया गया, जबकि एक दिन पहले यानी 15 जनवरी को यह 342 तक पहुंच गया था। यह स्तर अत्यंत खराब श्रेणी में आता है, जो बच्चों, बुजुर्गों और श्वसन संबंधी बीमारियों से ग्रसित लोगों के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। लगातार ऊंचा एक्यूआई रहने से आंखों में जलन, सांस लेने में दिक्कत, खांसी और एलर्जी जैसी समस्याएं बढ़ने लगी हैं। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार बद्दी में औद्योगिक गतिविधियों के साथ-साथ भारी ट्रैफिक, निर्माण कार्य और सूखी सड़कों से उड़ने वाली धूल भी प्रदूषण बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रही है। इसी कारण पीडब्ल्यूडी और



एनएचएआई को निर्देश दिए गए हैं कि वे प्रमुख सड़कों, हाईवे और निर्माणाधीन मार्गों पर नियमित अंतराल पर पानी का छिड़काव सुनिश्चित करें। इससे वातावरण में उड़ने वाले सूक्ष्म कणों को कम करने में मदद मिलेगी। हालांकि बारिश होने के बाद कुछ राहत की उम्मीद जताई जा रही है। तो एक्यूआई स्तर में सुधार हो सकता है। बद्दी में एक्यूआई खराब होने के कई कारण : प्रवीण गुप्ता हिमाचल प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव प्रवीण गुप्ता ने कहा कि बदी मेंएक्यूआई खराब होने के कई कारण है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने उद्योगों को भी अपने उत्सर्ज मानकों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आम लोगो से अपील की गई है कि वे अनावश्यक वाहन प्रयोग से बचें, मास्क का उपयोग करें और खुले में कचरा जलाने से परहेज करें।हिमाचल में मात्र एक शहर की आबोहवा अच्छी हिमाचल प्रदेश में केवल एक शहर शिमला की आबोहवा सेहत के लिए अच्छी है। वहीं 6 शहरों धर्मशाला, मंडी, सुंदनगर, ऊना, डमटाल व परवाणू में एक्यूआई सैटिस्फैक्टरी यानि 50 से 100 के मध्यम रहा। वहीं 4 शहरों पांवटा साहिब, कालाअंब, बरोटीवाला व नालागढ़ में एक्यूआई 100 से 150 के मध्यम यानि मॉडरेट रहा।

## गेयटी थिएटर में नारकंडा-शिलारू छात्र कल्याण संघ के वार्षिक सांस्कृतिक समारोह विरासत-2026 का भव्य आयोजन

जागो वर्ल्ड - शिमला / टीना ठाकुर



नारकंडा-शिलारू छात्र कल्याण संघ (एनएसएसडब्ल्यूए) द्वारा आयोजित वार्षिक सांस्कृतिक समारोह विरासत-2026 का भव्य आयोजन शुक्रवार को गेयटी थिएटर शिमला में किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: 11 बजे हुआ। ओपनिंग सेरेमनी में बीडीसी चेयरमैन जीवन चौहान और आकाश रोयल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्यातिथि के रूप में कैबिनेट रैंक मंत्री एं हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) के अध्यक्ष आरएस बाली ने दोपहर तीन बजे समारोह में शिरकत की। बाली ने नारकंडा शिलारू छात्र संघ को एक लाख रुपए सहयोग राशि देने की घोषणा की। एनएसएसडब्ल्यूए के इस वार्षिक आयोजन ने क्षेत्रीय युवा प्रतिभाओं के लिए एक प्रेरणास्रोत का कार्य किया। मंच पर प्रस्तुत पारंपरिक लोक नृत्य, नाट्य प्रस्तुति, संगीत एवं हिमाचली विरासत की झलकियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। पंडाल में उपस्थित अभिभावक और गणमान्य नागरिक भी प्रस्तुतियों की लय पर झूम उठे।आयोजकों ने बताया कि विरासत का उद्देश्य हिमाचली संस्कृति को युवाओं के माध्यम से नई ऊर्जा प्रदान करना, सामाजिक एकता को प्रोत्साहित करना तथा युवाओं को नशे से दूर रहकर सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि यह आयोजन केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं, बल्कि समाज को जागरूक करने और नशामुक्त हिमाचल की दिशा में एक सार्थक कदम है। संघ का मानना है कि प्रयासों में सहभागी बने, तो चिट्टा जैसे गंभीर नशे को भी जड़ से समाप्त किया जा सकता है। इसी कड़ी में जीवन चौहान बिडीसी अध्यक्ष नारकंडा कुमारसैन ने छात्र संघ को 50 हजार सहयोग राशि प्रदान की और एक लाख रुपए अतिरिक्त देने की घोषणा की। इस अवसर पर सभी पदाधिकारी व छात्र संघके सभी छात्र मौजूद रहे।

## राजगढ़ मुख्य मार्ग पर हिमधार के पास सडक़ हुई तंग, समस्या से एसडीओ को करवाया अवगत

जागो वर्ल्ड - सिरमौर / जीडी शर्मा



राजगढ़ मुख्य मार्ग पर हिमधार नामक स्थान के पास सडक़ के किनारे बड़े-बड़े पत्थरों के चलते खतरा बना हुआ है। जानकारी के अनुसार यह पत्थर किसी ने निकाले हैं, मगर एक वर्ष से इस सडक़ पर पड़े पत्थरों के चलते सडक़ काफी तंग हो चुकी है। बड़े वाहन नीचे से गुजरते हैं और नीचे सडक़ कच्ची है। यहां पर कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। वहीं, इस जगह करीब 150 मीटर के दायरे में आजकल सर्दियों में काफी पाला जमा रहता है। पाला जमने से ओर भी यह प्वाइंट काफी खतरनाक बन गया है। दूसरी ओर जहां यह प्वाइंट है उससे नीचे करीब 10 घर हैं यही नहीं बड़े वाहन नीचे कच्ची जगह से उतारने से सडक़ भी दब गई है। इसी समस्या को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल लोक निर्माण विभाग नौहराधार के एसडीओ से मिला। उन्होंने लिखित में एसडीओ को इस समस्या के बारे में अवगत करवाया। हिमधार के नजदीक रह रहे ग्रामीण रघुवीर सिंह, जगमोहन, जोगेंद्र, युद्धवीर मोहन लाल ठाकुर, नागेंद्र ठाकुर, यशपाल ठाकुर, रामस्वरूप ठाकुर आदि ने बताया कि इन पत्थरों की वजह से उनके घरों को खतरा है। यदि यहां कोई दुर्घटना होती है उन्होंने विभाग से इन पत्थरों को जल्दी हटाने की मांग की है। गौरतलब है कि यह समस्या यहीं पर नहीं है। लोग सडक़ किनारे घर तो बना देते हैं तथा मलबा व पत्थरों के ढेर सडक़ों पर लगा देते हैं, जिससे जहां सडक़ तंग होती है। वहीं तंग सडक़ की वजह से दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। गौरतलब है कि यह मार्ग तीन जिला व उत्तराखंड राज्य को जोड़ता है और यह मार्ग वाहनों की आवाजाही के लिहाज से काफी व्यस्त मार्ग है, मगर सडक़ के बहुत खस्ताहालत हैं। जगह-जगह मलबा बरसात में लैंड स्लाइड होने के चलते सडक़ के ऊपर-नीचे पड़ा है। कई जगह यह सडक़ बहुत तंग हो चुकी है, जिससे हमेशा दुर्घटना होने का अंदेशा बना रहता है। उधर लोक निर्माण उपमंडल नौहराधार के एसडीओ खजान सिंह ने बताया कि जिन लोगों ने यह पत्थर के ढेर लगाए हैं उन्हें कई बार नोटिस दिए जा चुके हैं।

## शातिर टेक्स्ट मैसेज से लोगों के नंबरों पर भेज रहे लिंक, साइबर सेल शिमला ने जारी की एडवाइजरी

जागो वर्ल्ड - शिमला / टीना ठाकुर



साइबर ठग क्रेडिट कार्ड के रिवॉर्ड प्वाइंट्स खत्म होने का झांसा देकर लोगों का ठग रहे हैं। साइबर सेल शिमला ने क्रेडिट कार्ड के रिवॉर्ड प्वाइंट्स के नाम पर हो रही साइबर ठगी को लेकर एडवाइजरी जारी की है। आज के समय में ऑनलाइन फ्रॉड काफी आम हो गए हैं ।स्कैमर्स अलग-अलग तरीकों से लोगों के साथ स्कैम करने की कोशिश कर रहे हैं। आए दिन साइबर ठगी के नए नए मामले सामने आ रहे हैं। साइबर ठग टेक्स्ट मैसेज लोगों के नंबरों पर भेज रहे हैं, जिसमे कहा गया कि उनके क्रेडिट कार्ड के रिवॉर्ड प्वाइंट्स खत्म होने वाले हैं।शातिर टेक्स्ट मैसेज में रिवॉर्ड प्वाइंट्स की हजारों रुपए की राशि कैंसिल होने का झांसा दे रहे हैं। रिवॉर्ड प्वाइंट्स खोने से बचाने के लिए साइबर ठग मैसेज में दिए गए लिंक को क्लिक करने के लिए कहते हैं। लोगों को क्रेडिट कार्ड नंबर और अपने फोन पर भेजा गया ओटीपी दर्ज करने के लिए कहते हैं। टेक्स्ट मैसेज के लिंक पर क्लिक करते ही साइबर ठग लोगों के बैंक खाते से राशि उड़ा रहे हैं। स्कैमर्स ने फर्जी लिंक से बैंक खाते की डिटेल्स बदल रहे हैं । साइबर सेल शिमला की ओर से जारी की गई एड़वाइजरी में कहा गया है कि अपने अकाउंट्स में टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन इनेबल करें। अकाउंट्स में सुरक्षा की एक अतिरिक्त परत जोड़ने से आपकी संवेदनशील जानकारी की सुरक्षा में मदद मिल सकती है।साइबर ठगी से ऐसे करें बचाव एसपी साइबर क्राइम रोहित मालपानी का कहना है कि अनजान मैसेजेस से सावधान रहें। उन्होंने कहा कि कभी भी अनजान मैसेज से आए लिंक या अटैचमेंट्स पर क्लिक न करें। एसपी रोहित मालपानी ने कहा कि अगर आपको किसी मैसेज के बारे में संदेह है तो हमेशा उसको वेरिफाई करें। किसी लिंक पर क्लिक करने के बजाय आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं या अपनी बैंक की आधिकारिक वेबसाइट से सीधे नंबर का इस्तेमाल करके अपने बैंक को कॉल करें। एसपी रोहित मालपानी ने कहा कि साइबर क्रिमिनल यूजर की डिवाइस में कीलॉगर के जरिए पैकेट कैपचरिंग करता है, जिसके जरिए यूजर के विभिन्न सोशल नेटवर्किंग साइट, इंटरनेट बैंकिंग व अन्य महत्त्वपूर्ण सेवाओं से जुड़ी हुई यूजर आईडी और पासवर्ड को चुरा लिया जाता है।

## सालाना समारोह के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश रोल्टा ने की बतौर मुख्यातिथि शिरकत, सांस्कृतिक कार्यक्रम में नौनिहालों ने जमाया रंग

जागो वर्ल्ड - सिरमौर / जीडी शर्मा



### डीएवी सिरमौर में मेधावी छात्रों पर बरसे इनाम

डीएवी सिरमौर पब्लिक स्कूल पांवटा साहिब में सालाना समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस वर्ष के कार्यक्रम की थीम गुरुकुल से ग्लोबल रखी गई थी, जिसके माध्यम से भारतीय प्राचीन शिक्षा पद्धति से लेकर आधुनिक वैश्विक शिक्षा तक के सफर को बखूबी दर्शाया गया। समारोह में बतौर मुख्यातिथि सिरमौर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश रोल्टा ने शिरकत की। उनके साथ एसएचओ कुलवंत सिंह भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अलावा गणमान्य अतिथियों में एआरओ डा. स्नेह पाठक रैना एवं डीएवी परवाणू की प्रधानाचार्य डा. हरनीत सिंह, राजन नेगी, बीना नेगी, मधुकर डोगरी, आदित्य, वीर सिंह, हरीश वैश और सुंदर लाल मेहता ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज करवाई। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मनमोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक तरीके से दीप प्रज्वलन और छात्रों द्वारा प्रस्तुत भावपूर्ण सरस्वती वंदना के साथ हुई। तत्पश्चात प्रधानाचार्या शालिनी कांत ठाकुर ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर स्कूल की उपलब्धियों से अवगत करवाया। इसके बाद छात्रों ने एक से बढक़र एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान शैक्षणिक सत्र 2023-24 तथा 2024-25 में अव्वल रहने वाले छात्रों और नेशनल स्तर तक खेल जगत में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले छात्रों सहित शिक्षक गुरबचन सिंह तथा दिनेश ठाकुर को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में हिमाचल की समृद्ध संस्कृति को दर्शाती हुई पारंपरिक नाटी प्रस्तुत की गई, जिसने पूरे माहौल को उत्साह से भर दिया। समारोह के दौरान उत्कृष्ट सेवाओं के लिए शिक्षक और और गैर-शैक्षणिक स्टाफ को उनकी निष्ठा और कड़ी मेहनत के लिए सम्मानित किया गया। स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक पूनम शर्मा, अश्वनी गोयल, सुनील दत्त और मीनाक्षी नेगी को विद्यालय के प्रति उनके बहुमूल्य योगदान और बहुमुखी प्रतिभा के लिए सम्मानित किया गया। सत्र के दौरान 100 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करने के लिए शीतू रैना को विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया। अपनी उत्कृष्ट समग्र सेवाओं के लिए लैब असिस्टेंट काला राम और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मोहन को भी सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि एएसपी योगेश रोल्टा ने अपने संबोधन में स्कूल के शानदार प्रदर्शन और गुरुकुल से ग्लोबल जैसे विचारशील थीम के चयन की सराहना की।

# संवैधानिक संस्था माननीय उच्च न्यायालय और अधिकारियों के साथ टकराव लेकर प्रदेश में एक संवैधानिक संकट को खड़ा कर रही

जागो वर्ल्ड -बिलासपुर/सुभाष चन्देल



स्लग भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी विधायक रणधीर शर्मा ने बिलासपुर में पत्रकार वार्ता में कहा की प्रदेश की कांग्रेस सरकार जहां पर चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था माननीय उच्च न्यायालय और अधिकारियों के साथ टकराव लेकर प्रदेश में एक संवैधानिक संकट को खड़ा कर रही है पिछले कुछ महीनो से प्रदेश कांग्रेस सरकार की कार्य प्रणाली तानाशाहीपूर्ण रही है जब मई जून महीने में इलेक्शन कमिशन शहरी निकायों के चुनाव की था तो सरकार ने हस्तक्षेप करके चुनाव को रोकने का प्रयास किया इसके अलावा जब पंचायती राज चुनाव की तैयारी चुनाव आयोग कर रहा था उसे समय भी प्रदेश सरकार ने चुनाव आयोग के आदेशों की आवेलना करते हुए ना तो रोस्टर जारी करने दिया और ना ही चुनाव सामग्री एकत्रित करने के लिए निर्देश जारी किए पंचायती और नगर निकायों के चुनाव रोकने के लिए प्रदेश सरकार ने सीधा टकराव चुनाव आयोग से दिया 8 अक्टूबर को डिजास्टर एक्ट लगाकर डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी जो एक स्टेट्यूटरी बॉडी है उस निर्देश जारी करवा दिए इस तरह इस सरकार ने संवैधानिक संकट प्रदेश में खड़ा किया रणधीर शर्मा ने प्रदेश सरकार के मंत्रियों के बयानों पर भी पलटवार करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के मंत्री ऐसे ऐसे बयान दे रहे हैं जिनमें उपमुख्यमंत्री कहते हैं रात के अंधेरे में निपटा देंगे लोक निर्माण मंत्री रहते हैं हिमाचल के बाहर के अधिकारी काम नहीं करते और कल शिक्षा मंत्री ने कहा कि हिमाचल के भी अधिकारी काम नहीं करते समझने में नहीं आ रहा या तो मंत्री योग्य नहीं है या फिर अधिकारी बेलगाम है यह दोनों ही स्थितियां दुर्भाग्यपूर्ण है आवश्यकता होती है मंत्री अधिकारी एकजुट होकर कार्य करें प्रदेश के हित में जनता के हित में कार्य करें लेकिन इस तरह मंत्रियों का अधिकारियों के आमने - सामने खड़ा होना प्रदेश के हित में नहीं है गोपनीयता की शपथ लेने वाले मंत्रियों का व्यवहार असंवैधानिक है है

# मंत्री विक्रमादित्य सिंह द्वारा प्रदेश में कार्यरत अन्य राज्यों से संबंधित अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर उठाये सवाल

जागो वर्ल्ड -बिलासपुर/ सुभाष चन्देल



पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह द्वारा प्रदेश में कार्यरत अन्य राज्यों से संबंधित अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर उठाये सवाल पर बिलासपुर विधायक त्रिलोक जमवाल ने साधा निशाना कहा कैबिनेट मीटिंग में मंत्री की अनसुनी के चलते अब सोशल मीडिया व मीडिया के ज़रिए मंत्री निकाल रहे अपनी भड़ास तो पूरे प्रकरण को बताया दुर्भाग्यपूर्ण हिमाचल प्रदेश के लोकनिर्माण विभाग के मंत्री विक्रमादित्य सिंह द्वारा प्रदेश में कार्यरत अन्य राज्यों से संबंधित आईएएस व आईपीएस अधिकारियों पर राज्य के हितों को प्राथमिकता ना देने का आरोप लगाया गया है. वहीं विक्रमादित्य सिंह के आरोपों को जहां पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने आपत्ति जताते हुए इससे अधिकारियों का मनोबल टूटने की बात कही थी तो दूसरी ओर तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने भी मीडिया के समक्ष इस की बयान बाजी ना करने की विक्रमादित्य सिंह को नसीहत दी है. वहीं अब पीडब्ल्यूडी मंत्री के आरोपों को लेकर बिलासपुर से भाजपा विधायक त्रिलोक जमवाल ने चुटकी लेते हुए बंद कमरे में कैबिनेट की बैठक में भी विक्रमादित्य सिंह की सुनवाई ना होने पर मंत्री द्वारा सोशल मीडिया व मीडिया का सहारा लेने की बात कही है. विधायक त्रिलोक जमवाल का कहना है कि प्रदेश सरकार के तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर मंडी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री द्वारा रात के अंधेरे में लेकर बिलासपुर से भाजपा विधायक त्रिलोक निपटाने की बात मंच से की गई थी मगर अब दिन के उजाले में भी निपटाने की स्थिति प्रदेश में बन गयी है. साथ ही उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा भी मंच से युद्ध की तरह लड़ने की बात कही गयी थी जो आज सच हो रहा है और कांग्रेस नेताओं के अंदर ही यह युद्ध शुरू हो चुका है.

# भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने कांग्रेस पर जोरदार हमला किया

जागो वर्ल्ड -शिमला/टीना ठाकुर



शिमला के गेयटी थिएटर में भाजपा द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने कांग्रेस पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पारित वीबी– जी राम जी विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) गारंटी अधिनियम, 2025 को लेकर कांग्रेस जानबूझकर भ्रम फैला रही है। यह कांग्रेस की ग्रामीण विरोधी, मजदूर विरोधी और विकास विरोधी सोच को उजागर करता है। जब भी गरीब के जीवन में स्थायी बदलाव लाने वाला कोई सुधार आता है, कांग्रेस झूठ के सहारे उसका विरोध करने लगती है।सुरेश कश्यप ने कहा कि आज़ादी के बाद रोजगार देने के लिए कई योजनाएं आईं, लेकिन नरेगा / मनरेगा समय के साथ भ्रष्टाचार, फर्जी मस्टर रोल, ठेकेदारी प्रथा और भुगतान में देरी का अड्डा बन गई। कांग्रेस ने रोजगार को विकास से जोड़ने के बजाय उसे केवल वोट बैंक का औजार बनाया। एनडीए सरकार ने आंकड़ों के माध्यम से कांग्रेस की पोल खोल दी है— जहां यूपीए काल में 1660 करोड़ श्रम-दिवस सृजित हुए, वहीं एनडीए काल में यह बढ़कर 3210 करोड़ हो गए। पूर्ण कार्यों और स्थायी परिसंपत्तियों में भी कई गुना वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस यह झूठ फैला रही है कि रोजगार की गारंटी खत्म की जा रही है, जबकि सच्चाई यह है कि 100 दिन की गारंटी को बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है और इसे कानूनी संरक्षण दिया गया है। योजना डिमांड-ड्रिवन ही रहेगी और समय पर काम या भुगतान न मिलने पर बेरोजगारी भत्ता का प्रावधान पहले की तरह लागू रहेगा। कांग्रेस को झूठ बोलने से पहले अधिनियम पढ़ लेना चाहिए।हिमाचल के संदर्भ में कश्यप ने कहा कि यह अधिनियम विशेष श्रेणी राज्यों के लिए गेम- चेंजर है। 75% के स्थान पर अब 90:10 फंडिंग पैटर्न लागू होने से हिमाचल के पहाड़ी क्षेत्रों में सड़कें, जल संरक्षण, ग्रामीण अवसंरचना और स्थायी परिसंपत्तियां तेजी से बनेंगी। कांग्रेस वर्षों तक हिमाचल को विशेष सहायता देने की बातें करती रही, लेकिन कभी ठोस व्यवस्था नहीं कर पाई।उन्होंने कहा कि वीबी– जी राम जी में जियो- टैगिंग, GPS मैपिंग, डिजिटल ट्रैकिंग और A I आधारित सोशल ऑडिट को अनिवार्य कर भ्रष्टाचार की कमर तोड़ दी गई है। कांग्रेस को सबसे ज्यादा डर इसी पारदर्शिता से है, क्योंकि अब फर्जी जॉब कार्ड और घोटालों की कोई गुंजाइश नहीं बचेगी। कांग्रेस के नाम बदलने के आरोपों पर तीखा प्रहार करते हुए सुरेश कश्यप ने कहा कि जिसने स्वयं राजनीति छोड़कर हिमाचल और देश के हित में इस ऐतिहासिक कदम समर्थन करना चाहिए।

# CCTVमें कैद हुई वारदात, दो युवक चोरी करते आए नजर

जागो वर्ल्ड -पांवटा साहिब/ जीडी शर्मा



दूसरे दिन भी उसी स्थान पर चोरी, CCTV में कैद हुई वारदात, दो युवक आए नजर पांवटा साहिब में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। नगर परिषद पांवटा के अंतर्गत सार गली स्थित अशोक विहार में लगातार दूसरे दिन भी चोरी की वारदात सामने आई है, जिसकी तस्वीरें घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई हैं। इस बार फुटेज में दो युवक संदिग्ध हालत में चोरी करते नजर आए हैं। जानकारी के अनुसार, मकान मालिक की गैर मौजूदगी का फायदा उठाकर दोनों युवकों ने अंधेरे का सहारा लिया और घर में घुसकर सामान पर हाथ साफ करने की कोशिश की। सीसी टीवी फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह युवक पूरी योजना के साथ घर में दाखिल होते हैं और सामान लेकर फरार हो जाते हैं।मकान मालिक ने बताया कि वे उस समय घर से बाहर थे और सीसीटीवी के जरिए ही उन्हें चोरी की जानकारी मिली। घटना सामने आते ही उन्होंने फुटेज मीडिया के साथ साझा की और पुलिस प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि कितना सामान चोरी हुआ है, लेकिन फुटेज में युवकों को सामान ले जाते हुए स्पष्ट देखा जा सकता है।लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने, संदिग्धों पर नजर रखने और चोरी की घटनाओं पर सख्त अंकुश लगाने की मांग की है।

# (एचआरटीसी) कीबस अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे जा गिरी

जागो वर्ल्ड -मंडी/ सचिन शर्मा



मंडी जिला के सरकाघाट उपमंडल के अंतर्गत हवाणी क्षेत्र के पास आज सुबह एक बड़ा सड़क हादसा पेश आया, जब गोभड़ता से सरकाघाट जा रही हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) की एक बस अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे खेतों में जा लुढ़की। यह हादसा सुबह करीब 8 बजे के आसपास हुआ, जिससे कुछ देर के लिए क्षेत्र में अफरा - तफरी का माहौल बन गया। नियंत्रण खो दिया और बस सड़क से फिसलते हुए नीचे खेतों में जा गिरी। गनीमत यह रही कि बस गहरी खाई में गिरने से बच गई, नहीं यह हादसा और भी भयावह हो सकता था। हादसे में बस चालक को अधिक चोटें आई हैं, जबकि कुछ यात्रियों को मामूली चोटें लगी हैं। राहत की बात यह रही कि बस में सवार अधिकतर यात्री पूरी तरह सुरक्षित बताए जा रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस के नीचे गिरते ही आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और बिना किसी देरी के राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया। स्थानीय लोगों ने अपने निजी वाहनों की मदद से सभी घायलों को बस से बाहर निकाला और तुरंत प्रारंभिक तौर पर तकनीकी खराबी या सड़क की स्थिति को हादसे की वजह माना जा रहा है, हालांकि वास्तविक कारण जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो पाएंगे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात को सुचारू किया और दुर्घटनाग्रस्त बस को हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। वहीं, घायलों का सरकाघाट अस्पताल में उपचार जारी है, जहां चिकित्सकों के अनुसार सभी की हालत फिलहाल स्थिर बनी हुई है। हादसे 7 से 8 लोग घायल है।

# नारकंडा-शिलारू छात्र कल्याण संघ द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम 'विरासत' का आयोजन

जागो वर्ल्ड -शिमला/टीना ठाकुर

शिलारू छात्र कल्याण संघ द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम 'विरासत' का आयोजन उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) के अध्यक्ष रघुवीर सिंह बाली ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में क्षेत्र के विद्यार्थियों एवं युवाओं द्वारा हिमाचली संस्कृति, परंपरा और लोक विरासत पर आधारित प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। इस अवसर पर श्री बाली ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़ने के साथ- साथ सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने छात्र कल्याण संघ के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि 'विरासत' जैसे कार्यक्रम नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति पर गर्व करना सिखाते हैं। कार्यक्रम के अंत में एचपीटीडीसी अध्यक्ष ने अपनी ऐच्छिक निधि से छात्र कल्याण संघ को एक लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की, जिससे संघ के शैक्षणिक एवं सामाजिक कार्यों को और मजबूती मिलेगी।

# सुखविन्द्र सिंह सक्खू ने आज नई दिल्ली में केंद्रीयमंत्री मनोहर लाल खट्टर से शिष्टाचार भेंट की

जागो वर्ल्ड -शिमला/टीना ठाकुर



मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सक्खू ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर से शिष्टाचार भेंट की ।बैठक में मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री को अवगत करवाया कि पीएम ई- बस सेवा योजना के तहत पहाड़ी राज्यों को किसी प्रकार की छूट नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के परिणामस्वरूप ई- बसों के संचालन में अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।उन्होंने कहा कि योजना के वर्तमान प्रावधानों के कारण हिमाचल प्रदेश ... योजना के तहत राज्य के केवल एक शहर, शिमला को शामिल किया गया है क्योंकि यह योजना दस लाख जनसंख्या वाले शहरों में ही लागू होती है। उन्होंने कहा कि धर्मशाला, मंडी, सोलन, पालमपुर, हमीरपुर, ऊना और ... जैसे शहरी स्थानीय ... तेजी से ... क और मानव संसाधन ... स के केंद्र बन ... हैं। इस बात को ... में रखते हुए ... चल प्रदेश को योजना ... लाभ लेने के लिए ... मानदंडों में ... दी जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार चरणबद्ध तरीके से डीज़ल बसों को इलेक्ट्रिक बसों से बदल रही है। सरकार ने 1500 डीज़ल बसों को चरणबद्ध तरीके से इलेक्ट्रिक बसों से बदलने का निर्णय लिया है। इस पहल के तहत राज्य सरकार अपने संसाधनों से कैपिटल ऐक्सपे ंडिचर मॉडल की 297 इलेक्ट्रिक बसों की खरीद कर रही है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया कि हिमाचल प्रदेश में ओपरेशनल एक्सपेंडिचर मॉडल के तहत माइलेज को कम कर 150 किलो मीटर तक सीमित करने का आग्रह किया, जो हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य के लिए एक व्यावहारिक लक्ष्य होगा। उन्होंने वर्तमान संचालन सहायता को 22 रुपये प्रति किलोमीटर से 52 रुपये प्रति किलोमीटर करने का भी आग्रह किया, ताकि राज्य परिवहन निगम बिना हानि के इलेक्ट्रिक बसों का संचालन सुनिश्चित कर सके।उन्होंने हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीपीसीएल) के एकीकृत कार्यालय के लिए सुंदरनगर में उपलब्ध 47 बीघा भूमि के हस्तांतरण एवं आवंटन के लिए भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड ( बीबीएमबी) से अनापत्ति प्रमाण- पत्र प्राप्त करने में सहयोग प्रदान करने का हर संभव सहायता ेने का आश्वासन दिया ।बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार राम सुभग सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव राकेश कंवर और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

**उन्होंने केंद्रीय मंत्री को यह भी बताया कि पीएम ई-बस सेवा योजना के तहत राज्य के केवल एक शहर, शिमला को शामिल किया गयाहै**

# 14 गाँव क़े लोग मकर सक्रांति से अगले 42 दिनों क़े लिए कड़े देव नियमों में बंध गए

जागो वर्ल्ड -कुल्लू/ प्रिया शर्मा



पर्यटन नगरी मनाली क़े पास क़े 14 गाँव क़े लोग मकर सक्रांति से अगले 42 दिनों क़े लिए कड़े देव नियमों में बंध गए है। इस दौरान घरों में टीवी, रेडिओ नहीं चलेंगे, जोर से चिल्लाना, सिटी बज़ाना बर्जित रहेगा, यहाँ तक की गाड़ियों में हॉर्न भी नहीं बज़ाने की अपील की गई है। दरअसल मनाली क़े कई गाँवो में मकर सक्रांति क़े बाद यहाँ



क़े आराध्य देव अगले 42 दिनों तक तपस्या में लीन हो जाते है, लिहाज़ा इस दौरान देवताओं को शांत वातावरण मिले इसलिए यह देव नियम लागू होते है। यह परम्परा सदियों से चली आ रही है। गांववासी इस दौरान खेत खलियानों की ओर भी नहीं जाते, कियुँकि खेतोँ में खुदाई करते हुए कभी कवार कीड़े, मकोड़ो की जान जाती है। उझी घाटी क़े गौशाल गाँव सहित कोठी, सोलंग,पलचान , रुवाड़, कुलंग, शनाग, बुरुआ तथा मझाच कुल 9 गाँवो में यह देव प्रतिबन्ध 4 2 दिनों क़े लिए रहता है, वहीं देव सेनापति कार्तिक स्वामी क़े सिमसा स्तिथ मंदिर क़े कपाट भी मकर सक्रांति से एक महीने के लिए बंद हो जाते है, यहाँ पर भी पांच गाँव में यह देव प्रतिबन्ध लागू हो जाता है। देवता के पुजारी मकर ध्वज देव सेनापति कार्तिक स्वामी क़े सिमसा स्तिथ मंदिर क़े कपाट भी मकर सक्रांति से एक महीने के लिए बंद हो जाते है, यहाँ पर भी पांच गाँव में यह देव प्रतिबन्ध लागू हो जाता है। देवता के पुजारी मकर ध्वज शर्मा ने इस पूरी देव परम्परा के बारे में जानकारी दी, वहीं गौशाल गाँव के निवासी पवन ठाकुर ने भी बताया की गाँव में यह परम्परा सदियों से निभाई जा रही है, वा उन्होने पर्यटको से भी निवेदन किया की वें वहीं इस दौरान यहाँ की देव नियमों का पालन करें वा यहाँ की प्राकृतिक सुंदरता का लुथफ़ उठाये। कुल्लू घाटी में जब भी कोई देव परम्परा के निर्वहन का मौका होता है तो यहाँ के लोग उस परम्परा को बड़ी ही निष्ठा वा श्रद्धा से निभाते है, तभी तो कुल्लू घाटी को देव भूमि के नाम से जाना जाता है।

# त्रिलोकनाथ मंदिर परिसर और आसपास के पहाड़ी क्षेत्र पूरी तरह से बर्फ की सफेद चादर से ढक गए





जागो वर्ल्ड - लाहौल स्पिति/ रजीत सिंह

लाहौल - स्पीति जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल त्रिलोकनाथ में आखिरकार लंबे इंतज़ार के बाद बर्फबारी हो गई है। शाम से शुरू हुई बर्फबारी के चलते त्रिलोकनाथ मंदिर परिसर और आसपास के पहाड़ी क्षेत्र पूरी तरह से बर्फ की सफेद चादर से ढक गए हैं। बर्फ गिरने से पूरे इलाके में कड़ाके की ठंड बढ़ गई है, वही प्राकृतिक सौंदर्य में भी जबरदस्त इज़ाफा हुआ है।स्थानीय लोगों के अनुसार सुबह के समय मंदिर, घरों की छतों, पेड़ों और रास्तों पर बर्फ जमी हुई दिखाई दी। बर्फबारी से क्षेत्र का तापमान शून्य से नीचे चल गया है, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ है।मौसम में अचानक बदलाव, ठंड में इज़ाफा पिछले कुछ दिनों से मौसम साफ था, लेकिन पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से अचानक मौसम ने करवट ली और त्रिलोकनाथ सहित ऊँचाई वाले इलाकों में तेज ठंडी हवाओं के साथ बर्फबारी शुरू हो गई। बर्फ गिरने से घाटी में सर्दी और बढ़ गई है, वहीं निचले इलाकों में भी ठंड का असर महसूस किया जा रहा है।धार्मिक स्थल पर बढ़ी रौनक, लेकिन सावधानी जरूरी त्रिलोकनाथ भगवान शिव और भगवान विष्णु से जुड़ा महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है। बर्फबारी के बाद मंदिर परिसर बेहद मनमोहक नजर आ रहा है। हालांकि प्रशासन और स्थानीय लोगों ने श्रद्धालुओं और पर्यटकों से अत्यधिक सावधानी बरतने की अपील की है, क्योंकि बर्फ जमने से रास्तों पर फिसलन बढ़ गई है।

# 'व्यवस्था परिवर्तन' पहल के तहत राज्य में पशुपालकों को आजीविका के नए अवसर

जागो वर्ल्ड -शिमला/टीना ठाकुर



मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू की 'व्यवस्था परिवर्तन' पहल के तहत राज्य में पशुपालकों को आजीविका के नए अवसर उपलब्ध करवाने की दृष्टि से निरंतर रणनीतिक प्रयास किए जा रहे हैं। पारंपरिक समुदायों का समावेशी विकास सुनिश्चित करने के लिए सरकार पशुपालकों को ग्रामीण अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण स्तंभ मानते हुए संस्थागत सुधारों की दिशा में कार्य कर रही है।इस उद्देश्य के दृष्टिगत सरकार ने 'हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र में चरवाहों के लिए रोज़गार' के तहत राज्य सरकार ने सतत लघु एवं सशक्त हिमालयी घुमन्तु गद्दी समुदाय के लिए एक महत्वकांक्षी परियोजना को मंजूरी दी है। परियोजना के तहत आजीविका सुरक्षा, पारिस्थितिक संरक्षण, पारंपरिक चरवाहा प्रथाओं का आधुनिकीकरण, स्थानीय नस्लों का संरक्षण और मजबूत बाजार संबंधों का निर्माण करके पशुपालकों के लिए स्थायी आय सुनिश्चित की जाएगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना, पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखना, पारंपरिक पशुपालन प्रणालियों का आधुनिकीकरण और देशी नस्लों का संरक्षण करना है। उन्होंने कहा कि हिमाचल में भेड़ और बकरी पालक चरवाहों की पर्याप्त संख्या है। सरकार की इस योजना से इस समुदाय के लोग लाभान्वित होंगे। परियोजना के तहत उन्नत भेड़ एवं बकरी पालन प रथाओं पर आधारित फार्मों की स्थापना से नस्ल सुधार को व्यापक रूप से लागू किया जाएगा। सरकार उत्पादकता और आर्थिकी को बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीकों जैसे पशुधन का डिजिटल पंजीकरण, क्रॉस-ब्रीडिंग, अनुवांशिक सुधार कार्यक्रम, कृत्रिम गर्भाधान और मोबाइल पशु चिकित्सा सेवाओं को शामिल करने की योजना बना रही है।स्थानीय नस्लों जैसे गद्दी भेड़ और बकरियों, रामपुर बुशहरी भेड़ और चेगु बकरियों के संरक्षण, संवर्धन और सुदृढ़ीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि उनकी अनुवांशिक विविधता और हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र में उनकी प्राकृतिक अनुकूलता बनी रहे। इस क्षेत्र में बाजार की मांग को ध्यान में रखते हुए सरकार ऊन, बकरी का दूध, मक्खन और मांस जैसे पशुपालन उत्पादों के विपणन के लिए पर्याप्त बुनियादी ढांचा विकसित करेगी। इसमें ऊन कीगुणवत्ता प्रमाणन, प्रचार- प्रसार तंत्र आदि शामिल किए जाएंगे, ताकि पशुपालकों को उनके उत्पाद के बेहतर दाम मिले। नीति में वित्तीय प्रोत्साहन, बीमा कवरेज और सामाजिक सुरक्षा उपाय भी शामिल हैं, जिनमें संवेदनशील सीमा क्षेत्रों के पशुपालकों के लिए विशेष प्रावधान रखा गया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि पशुपालकों, ब्रीडरों और युवा लक्षित प्रशिक्षण कार्यक्रमों, जागरूकता अभियानों और विस्तार सेवाओं के माध्यम से सशक्त किया जाएगा।

# 60वां स्थापना दिवस डायमंड जुबली के तौर पर डडौर में मनाया गया



जागो वर्ल्ड - मंडी/ सचिन शर्मा

मेग्नीफिसेंट सेवंथ डोगरा रेजिमेंट का 6 0 वां स्थापना दिवस डायमंड जुबली के तौर पर डडौर स्थित होटल बी फॉर यू में भव्य तरीके से मनाया गया। समारोह में लेफ्टिनेंट कर्नल बसंत सिंह भारद्वाज ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की जबकि ऑनरेरी कैप्टन हेम सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। समारोह में विभिन्न स्थानों से आए 120 से अधिक पूर्व सैनिकों, हुए बताया कि 15 जनवरी 1966 को सेवंथ डोगरा की स्थापना मेरठ कैंट में हुई थी। कर्नल बलवीर सिंह दयाल इसके पहले सीओ थे और उन्हीं के कार्यकाल में इसकी स्थापना भी हुई थी। अपनी स्थापना के बाद इस पलटन की सबसे पहली पोस्टिंग जम्मू में हुई थी। उसके बाद नॉर्थ ईस्ट में सेवाएं देने के उपरांत देश और विदेशों में अपनी सेवाएं दी। साउथ अफ्रीका में हुए यूएन मिशन में भी इस पलटन ने अपनी बेहतरीन सेवाएं दी हैं।

# अतिक्रमण की निशानदेही के दौरान घायल हुए पटवारी भोप सिंह से मिलने के लिए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर अस्पताल पहुंचे

जागो वर्ल्ड -कुल्लू / प्रिया शर्मा

कुल्लू में अतिक्रमण की निशानदेही के दौरान घायल हुए पटवारी भोप सिंह से मिलने के लिए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायल पटवारी का हालचाल जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान जयराम ठाकुर ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कानून व्यवस्था के हालात लगातार खराब होते जा रहे हैं औरसरकारी कर्मचारियों पर हमले होना बेहद चिंताजनक है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि अतिक्रमण की निशानदेही जैसे सरकारी कार्यों के दौरान कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की औरऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत बताई।

# भजन गायक हंसराज रघुवंशी ने चिट्टे जैसे घातक नशे के खिलाफ कड़ा संदेश

जागो वर्ल्ड - मंडी/ सचिन शर्मा




मंडी जिला के सुंदरनगर स्थित एमएलएसएम खेल मैदान में आयोजित हिमाचल सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग के माध्यम से प्रसिद्ध भजन गायक हंसराज रघुवंशी ने चिट्टे जैसे घातक नशे के खिलाफ कड़ा संदेश दिया। इस मौके पर हंसराज रघुवंशी प्रदेश की अन्य सेलिब्रिटी टीम के साथ मैदान में उतरे और शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन किया। इस एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन फिट एंड फायर फाउंडेशन के तत्वावधान में किया गया, जिसमें कुल 6 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रदेश के सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर की टीम भी विशेष रूप से मौजूद रही। कार्यक्रम में डीआईजी नॉर्दन रेंज धर्मशाला सौम्या सांबशिवन ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।इस अवसर पर हंसराज रघुवंशी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं को चिट्टे के नशे के प्रति जागरूक किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे नशे से दूर रहकर सकारात्मक और रचनात्मक गतिविधियों में भाग लें। उन्होंने कहा कि माता- पिता को युवाओं से बहुत उम्मीदें होती हैं और चिट्टे जैसा नशा इन सपनों को बर्बाद कर देता है।हंसराज रघुवंशी ने भावुक होते हुए बताया कि उन्होंने अपना कॉलेज जीवन एमएल एसएम कॉलेज सुंदरनगर में ही बिताया है और इसी कॉलेज की कैंटीन में काम भी किया है। उन्होंने कहा कि इसी मैदान पर आज खेलना उनके लिए सौभाग्य की बात है और यह सब महादेव की कृपा से संभव हुआ है।

# चंबा बाजार क्षेत्रों में बढ़ते अतिक्रमण को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए विशेष अभियान चलाया

जागो वर्ल्ड -चंबा/ काकू खान



नगर परिषद चंबा ने जिला मुख्यालय के प्रमुख बाजार क्षेत्रों में बढ़ते अतिक्रमण को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए विशेष अभियान चलाया। इस दौरान सड़कों, फुटपाथों और दुकानों के बाहर अवैध रूप से रखे गए सामान व रेहड़ियों के खिलाफ कार्रवाई की गई, जिससे बाजार क्षेत्र में अव्यवस्था फैल रही थी और आम लोगों को आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। अभियान के दौरान नगर परिषद की टीम ने दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे अपनी दुकानों का सामान तय सीमा के भीतर ही रखें। नियमों की अवहेलना करने वालों का सामान जब्त किया गया, वहीं कई रेहड़ी संचालकों को मौके पर ही हटाया गया। कार्रवाई के चलते बाजार में अफरा- तफरी का माहौल देखने को मिला और कई अतिक्रमणकारी आनन- फानन में अपना सामान समेटते नजर आए। वहीं कुछ रेडी फ़ड़ी के लोगों द्वारा इस प्रशासनिक कार्यवाही का विरोध भी जिताया।नगर परिषद अधिकारियों ने बताया कि अतिक्रमण के कारण न केवल यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही थी, बल्कि आपातकालीन सेवाओं को भी परेशानी उठानी पड़ सकती थी। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।स्थानीय लोगों ने नगर परिषद की इस पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि लगातार कार्रवाई से बाजार में व्यवस्था सुधरेगी और आम जनता को राहत मिलेगी।

# निशानेबाज़ी में चमके कक्षा 8 के वंश माहिवाल, राष्ट्रीय स्तर पर हासिल की बड़ी उपलब्धियाँ

जागो वर्ल्ड-कुरुक्षेत्र / अश्वनी वालिया



सेंट थॉमस कॉन्वेंट स्कूल के कक्षा 8 के प्रतिभाशाली छात्र वंश माहिवाल ने कम उम्र में निशानेबाज़ी के क्षेत्र में असाधारण प्रदर्शन कर न केवल अपने विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। वंश ने हाल ही में आयोजित राष्ट्रीय निशानेबाज़ी प्रतियोगिता में 50 मीटर राइफल स्पर्धा में तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के साथ ही वंश माहिवाल का चयन 10 मीटर एयर राइफल अंतरराष्ट्रीय ट्रायल के लिए हुआ है, जो किसी भी युवा खिलाड़ी के लिए गर्व की बात है। यह चयन उनके निरंतर अभ्यास, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण को दर्शाता है। अखिल भारतीय रैंकिंग में भी शानदार प्रदर्शन वंश ने 10 मीटर एयर राइफल सब-यूथभारतीय रैंक 193 तथा यूथ में अखिल भारतीय रैंक 360 प्राप्त कर यह सिद्ध कर दिया है कि वे आने वाले समय में देश के श्रेष्ठ निशानेबाज़ों में स्थान बनाने की पूरी क्षमता रखते हैं। बता दें की 68वीं राष्ट्रीय निशानेबाज़ी चैम्पियनशिप भोपाल में आयोजित हुई थी 68वीं राष्ट्रीय निशानेबाज़ी चैम्पियनशिप में वंश माहिवाल ने देशभर से आए अनुभवी खिलाड़ियों के बीच शानदार प्रदर्शन किया। इतनी कम आयु में राष्ट्रीय मंच पर खेलना स्वयं में एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। स्कूल की प्रबंध निदेशिका अंजलि मारवाह ने कहा की स्कूल प्रबंधन वंश के हौंसले को सलूट करता है परिवार, विद्यालय व क्षेत्र में खुशी की लहर है| वंश की इस सफलता पर सेंट थॉमस कॉन्वेंट स्कूल के प्रबंधन, प्रधानाचार्य, शिक्षकों, अभिभावकों एवं खेल प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। सभी ने वंश को बधाई देते हुए अंतरराष्ट्रीय ट्रायल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएँ दी हैं। युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बने वंश अपनी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के बल पर वंश माहिवाल आज क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा बनकर उभरे हैं। स्कूल प्रबंधन कमेटी के कार्तिकेय का मानना है कि यदि बच्चो को इसी प्रकार मार्गदर्शन और प्रोत्साहन मिलता रहा तो भविष्य में वे देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर सकते हैं।

# गर्भाशय से निकाली 5.21 किलो रसोली, मंडी में बना भारत का सबसे बड़ा मेडिकल रिकार्ड

जागो वर्ल्ड-मंडी / सचिन शर्मा



मंडी में भारत का सबसे बड़ा मेडिकल रिकार्ड बना है। डाक्टर उदय भानू ने 5.21 किलो फाइब्रॉएड (रसोली) को लैप्रोस्कोपिक सर्जरी से निकाला है। इस सर्जरी से महिला को नई जिंदगी मिली है। वहीं न्यूनतम इनवेसिव सर्जरी में विश्वस्तरीय रिकार्ड भी बना है। मंडी के एक निजी अस्पताल में न्यूनतम इनवेसिव स्त्री रोग शल्य चिकित्सा में यह उपलब्धि दर्ज हुई है। कई वर्षों से गंभीर पीड़ा झेल रही एक महिला को विशाल गर्भाशय फाइब्रॉएड से मुक्ति दिलाई गई। पीड़िता लंबे समय से पेट के असामान्य रूप से बढने, अत्यधिक मासिक रक्तस्राव और गंभीर दबाव संबंधी समस्याओं से जूझ रही थी। जांच में पता चला कि उसके गर्भाशय में मौजूद फाइब्रॉएड का आकार पूर्ण अवधि की गर्भावस्था के बराबर था, जिसने उसके जीवन की गुणवत्ता को बुरी तरह प्रभावित कर दिया था। गर्भाशय के अत्यधिक बड़े आकार और जटिलताओं को देखते हुए सर्जरी अनिवार्य हो गई। तीन घंटों तक चली सर्जरीयह अत्यंत जटिल सर्जरी वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं एडवांस्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जन डा. उदय भानु राणा द्वारा सफलता पूर्वक की गई। सर्जरी में लगभग 2.5 से 3 घंटे का समय लगा और यह तकनीकी रूप से अत्यधिक चुनौतीपूर्ण रही। सर्जरी के दौरान गर्भाशय का असाधारण आकार व वजन, श्रोणि संरचना का गंभीर रूप से विकृत होना ऑपरेशन के लिए सीमित स्थान तथा अत्यधिक रक्त प्रभाव जैसी कई डिटेल समस्या सामने आई जो सामान्य शल्य को कई गुना बड़ा देती है

## बेंगलुरु का रिकॉर्ड

तोड़ा बेंगलुरु दक्षिण भारत में पहली बार लगभग 4.005 किलोग्राम का फइबाइंड युटुर्स लेपरोंकॉपीक सर्जरी से निकल गया यह एक बड़ा रिकॉर्ड था ज्यादातर मामलों में लेप्रोस्कोपी सर्जरी से निकल जाने वाले फइब्रिड 500 ग्राम से 2-3 किलो तक के होते हैं 5 किलो से ऊपर बहुत ही दुर्लभ होते हैं और केवल बहुत अनुभवी सर्जन ही ऐसा कर पाते हैं

# ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाने के लिए राजेंद्र राणा ने जताया आभार

जागो वर्ल्ड-हमीरपुर / सुमित ठाकुर



सर्व कल्याणकारी ट्रस्ट के संस्थापक एवं पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने सुजानपुर में आयोजित सेना दिवस समारोह और ट्रस्ट की सिल्वर जुबली को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने के लिए प्रदेश के पूर्व सैनिकों, महिलाओं, पुरुषों, युवाओं तथा सभी विशिष्ट अतिथियों का हृदय से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने ट्रस्ट के तमाम पदाधिकारियों और स्वयंसेवकों का भी खास तौर पर आभार जताया है जो पिछले 20 दिन से इस कार्यक्रम की तैयारी को लेकर दिन रात जुटे थे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में जिस भारी संख्या में लोगों ने भाग लेकर सैनिकों के सम्मान को नई ऊंचाइयां दीं, वह अपने आप में अद्‌भुत और प्रेरणादायक है। विशेष रूप से प्रदेश के महा महिम राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, महा राणा प्रताप के वंशज डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़, पूर्व लेफ्टिनेंट जनरल बी. एस. जसवाल सहित सभी गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति ने इस आयोजन की शोभा को कई गुना बढ़ा दिया। राजेंद्र राणा ने कहा कि पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों का सम्मान करना ट्रस्ट का हमेशा से प्रमुख उद्देश्य रहा है और इस बार जिस उत्साह के साथ हजारों लोगों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया, उसने इसे सचमुच यादगार बना दिया। उन्होंने कार्यक्रम में पहुंचे सभी पूर्व सैन्य अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और आम जनता का धन्यवाद करते हुए कहा कि सबके सहयोग और स्नेह से ही यह आयोजन संभव हो पाया। राणा ने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी सर्व कल्याण कारी ट्रस्ट इसी तरह समाज सेवा और सैनिक सम्मान के लिए समर्पित होकर कार्य करता रहेगा।

# उपायुक्त हेमराज बैरवा ने विभिन्न योजनाओं के तहत दिव्यांगजन व वरिष्ठ नागरिकों को वितरित किए 35.11 लाख के सहायक उपकरण

जागो वर्ल्ड-धर्मशाला / राकेश कुमार



रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वा वधान में आज कांगड़ा में विकलांग व्यक्तियों को सहायता (एडिप) एवं आरवीवाई ( राष्ट्रीय व्योश्री योजना) के अंतर्गत दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को एल्मिको के सहयोग से सहायक उपकरण उपलब्ध करवाने हेतु एक विशेष वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम हैं। सहायक उपकरणों के माध्यम से लाभार्थियों के दैनिक जीवन को सुगम बनाया जा रहा है, जिससे वे सम्मान पूर्वक जीवन व्यतीत कर सकें। उपायुक्त ने बताया कि इस शिविर के अंतर्गत पूर्व में 9 दिसंबर 2024 से 16 दिसंबर 2024 तक लाभार्थियों का आकलन किया गया था, जिसके उपरांत आज उपकरणों का वितरण किया गया। शिविर में ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, कमोड चेयर, श्रवण यंत्र, बैसाखी, वांकंग स्टिक, वॉकर, रोलैटर, नी-ब्रेस, एलएस बेल्ट, कुशन, कृत्रिम अंग एवं अन्य सहायक उपकरण वितरित किए गए। उन्होंने जानकारी दी कि शिविर के माध्यम से कुल 1158 सहायक उपकरण वितरित किए गए, जिनकी कुल अनुमानित लागत 35.11 लाख रुपये रही। एडिप योजना के अंतर्गत 352 लाभार्थियों को तथा आवीवाई योजना के अंतर्गत 806 वरिष्ठ नागरिकों को लाभान्वित किया गया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के शिविरों का आयोजन कर दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण उपलब्ध करवाए जाएंगे, ताकि जिले के सभी दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिक अधिक सुविधा, आत्मनिर्भरता और सम्मान के साथ अपना दैनिक जीवन यापन कर सकें। इस अवसर पर जिला कल्याण अधिकारी साहिल मांडला, जिला रेडक्रॉस सोसायटी के वरिष्ठ सदस्य तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# खेतों में मां को इस हालत में देख बेटे की निकली चीख, मामले की जांच में जुटी पुलिस

जागो वर्ल्ड-चम्बा / काकू खान

चम्बा जिला के अंतर्गत आती कुठेड़ पंचायत में एक महिला ने पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला की पहचान अंजू देवी पत्नी प्रेम लाल निवासी गांव डंगाल के तौर पर की गई है। पुलिस ने घटना के विस्तृत कारणों की जांच आरंभ कर दी है। अंजू देवी ने घर के समीप खेतों में पेड़ से फंदा लगा लिया। मां के शव को पेड़ पर फंदे से लटका हुआ देखकर जब बेटा चीखने-चिल्लाने लगा तो उसकी आवाज सुनकर परिवार के अन्य सदस्य व ग्रामीण मौके पर पहुंचे। इसी बीच घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही सदर पुलिस थाना प्रभारी इंस्पैक्टर सुरेंद्र कुमार की अगुवाई में टीम ने घटना स्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने मामले की जांच में सहयोग के लिए आरएफएसएल की टीम को भी मौके पर बुलाया। इसी बीच महिला के मायका पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंच गए। देर शाम तक पुलिस मामले में ससुराल व मायका पक्ष के लोगों के बयान दर्ज कर आगामी कार्रवाई में जुटी हुई थी। एसपी विजय कुमार सकलानी ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज लाया गया है। शनिवार को शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

# अब रिवॉर्ड प्वाइंट्स खत्म होने का झांसा देकर ठगी, ऐसे करें बचाव

जागो वर्ल्ड-शिमला / टीना ठाकुर

साइबर ठग क्रेडिट कार्ड के रिवॉर्ड प्वाइंट्स खत्म होने का झांसा देकर लोगों का ठग रहे हैं। साइबर सेल शिमला ने क्रेडिट कार्ड के रिवॉर्ड प्वाइंट् के नाम पर हो रही साइबर ठगी को लेकर एडवाइजरी जारी की है। आज के समय में ऑनलाइन फ्रॉड काफी आम हो गए हैं। स्कैमर्स अलग- अलग तरीकों से लोगों के साथ स्कैम करने की कोशिश कर रहे हैं। आए दिन साइबर ठगी के नए नए मामले सामने आ रहे हैं। साइबर ठग टेक्स्ट मैसेज लोगों के नंबरों पर भेज रहे हैं, जिसमें कहा गया कि उनके क्रेडिट कार्ड के रिवॉर्ड प्वाइंट्स खत्म होने वाले हैं। शातिर टेक्स्ट मैसेज में रिवॉर्ड प्वाइंट्स की हजारों रुपए की राशि कैंसिल होने का झांसा दे रहे हैं। रिवॉर्ड प्वाइंट्स खोने से बचाने के लिए साइबर ठग मैसेज में दिए गए लिंक को क्लिक करने के लिए कहते हैं। शातिर लोगों को क्रेडिट कार्ड नंबर और अपने फोन पर भेजा गया ओटीपी दर्ज करने के लिए कहते हैं। टेक्स्ट मैसेज के लिंक पर क्लिक करते ही साइबर ठग लोगों के बैंक खाते से राशि उड़ा रहे हैं। स्कैमर्स ने फर्जी लिंक से बैंक खाते की डिटेल्स बदल रहे हैं। साइबर सेल शिमला की ओर से जारी की गई एड़वाइजरी में कहा गया है कि अपने अकाउंट्स में टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन इनेबल करें।

# बद्दी में एयर क्वालिटी इंडैक्स का स्तर चिंताजनक, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने दिए पानी का छिड़काव करने के निर्देश

जागो वर्ल्ड-बीबीएन / स्वास्तिक गौतम



औद्योगिक क्षेत्र बद्दी की आबोहवा लगातार खराब होती जा रही है। बढ़ते वायु प्रदूषण को देखते हुए हिमाचल प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने प्रमुख सड़कों, औद्योगिक क्षेत्रों, हाईवे और निर्माणाधीन मार्गों पर पानी का छिड़काव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि वातावरण में धूलकण न उड़ें और लोगों को कुछ राहत मिल सके। संबंधित विभागों विशेषकर लोक निर्माण विभाग ( पीडब्ल्यूडी) और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ( एनएचएआई) को तत्काल प्रभाव से इस व्यवस्था को लागू करने के आदेश दिए गए हैं। बोर्ड का कहना है कि इससे सड़कों से उड़ने वाली धूल पर नियंत्रण पाया जा सकेगा और वायु गुणवत्ता में कुछ हद तक सुधार आएगा। बद्दी में एयर क्वालिटी इंडैक्स (एक्यूआई) का स्तर चिंता जनक बना हुआ है। शनिवार को बद्दी का एक्यूआई 313 रिकॉर्ड किया गया, जबकि 2 दिन पहले यानी 15 जनवरी को यह 342 तक पहुंच गया था। यह स्तर अत्यंत खराब श्रेणी में आता है, जो बच्चों, बुजुर्गों और श्वसन संबंधी बीमारियों से ग्रसित लोगों के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। लगातार ऊंचा एक्यूआई रहने से आंखों में जलन, सांस लेने में दिक्कत, खांसी और एलर्जी जैसी समस्याएं बढ़ने लगी हैं। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार बद्दी में औद्योगिक गतिविधियों के साथ-साथ भारी ट्रैफिक, निर्माण कार्य और सूखी सड़कों से उड़ने वाली धूल भी प्रदूषण बढ़ाने में एक जरिया बना हुआ है। उधर श्री राम सेना संयोजक राजेश जिंदल ने शहर की नालियों में अपनी ओर से ब्लीचिंग पाउडर छिड़कवाया व सफाई करवाई।

# 8वें दिन शनिवार को पावन ज्योत का रथ ए एस पी ऑफिस ठाकुर कॉम्प्लेक्स बरोटीवालापहुंचा, निमंत्रण पत्र बांटे

जागो वर्ल्ड-बीबीएन / स्वास्तिक गौतम




शनिवार को प्रभु श्री रामचंद्र जी की पावन ज्योत के साथ चल रही रथ यात्रा के 8 वें दिन नगर भ्रमण के लिए रथ को भक्ति भाव से रवाना किया गया। यह रथ यात्रा शनिवार को धर्मपुर गुरुद्वारा, भूपनगर डोरिया बस स्टैंड इंडो फार्म इंडस्ट्रीज एरिया जे बी इंडस्ट्रीज ,शिव मंदिर सेरा थाना पिंड, नारंगपुर भट्ठा एरिया कौडी गांव बस स्टैंड, ढेला चौक. लोधीमाजरा इंडस्ट्रीज एरिया, बाबा इच्छाधारी मंदिर के आग से मानपुरा बस स्टैंड भटौली कला यूनिकेम चौक, ई एस आई मोतिया प्लाजा पहुँची। सभी जगह रथ यात्रा का भव्य स्वागत हुआ। इस पावन अवसर पर राजेश जिंदल ने विधिवत पूजा- अर्चना कर रथ को श्रद्धापूर्वक विदा किया व ए एस पी अशोक वर्मा, वरिष्ठ नेता बलबीर ठाकुर को निमंत्रण दिया। इस मौके पर विनोद गोयल, विकास झा, दरिया सिंह, गुरबचन सिंह, विनोद शर्मा, अरविंद तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी ने प्रभु श्रीराम के चरणों में नमन कर क्षेत्र में सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। प्रभु श्रीराम जी के इस पावन रथ की संपूर्ण व्यवस्था एवं देखरेख का कार्यभार विकास झा द्वारा जिम्मेदारीपूर्वक संभाला जा रहा है, जिनके समर्पण से यात्रा सुचारु रूप से आगे बढ़ रही है। पूरा वातावरण जय श्रीराम के जयघोष से भक्तिमय हो गया और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।यात्रा के आगमन पर नागरिकों व कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा कर एवं जय श्रीराम के गगनभेदी नारों के साथ रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया। रथ यात्रा के स्वागत से पूरा क्षेत्र राममय हो उठा और लोगों ने इसे अपने जीवन का एक अविस्मरणीय क्षण पाया।

# शिक्षा मंत्री 19 व 20 जनवरी को सोलन ज़िला के प्रवास पर आएगे

जागो वर्ल्ड-बीबीएन / स्वास्तिक गौतम



शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 19 व 20 जनवरी, को सोलन ज़िला के प्रवास पर आ रहे हैं। रोहित ठाकुर 19 जनवरी को दोपहर 3 बजे नालागढ़ में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में आयोजित होने वाली 69वीं राष्ट्रीय स्तर की अंडर- 19 गर्ल्स कबड्डी प्रतियोगिता 2025-26 के शुभारम्भ समारोह की अध्यक्षता करेंगे। शिक्षा मंत्री 20 जनवरी को प्रातः 11 बजे राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एस.सी.ई.आर.टी.) सोलन में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

# राष्ट्रीय कबड्डी में हिमाचल का परचम थानाकलां के ईशांत ठाकुर बने युवाओं की प्रेरणा

जागो वर्ल्ड -बंगाणा / जोगिंदर देव आर्य



उप- मंडल बंगाणा के राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थानाकलां के प्रतिभाशाली छात्र ईशांत ठाकुर ने राष्ट्रीय स्तर पर अपने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन से हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन कर दिया है। अंडर-17 राष्ट्रीय विद्यालयी कबड्डी प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए ईशांत ने न केवल अपने विद्यालय, बल्कि पूरे क्षेत्र और प्रदेश को गौरवान्वित किया है।तेलंगाना में 7 जनवरी से 13 जनवरी 2026 तक आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में ईशांत ठाकुर ने अपने दमदार खेल अनुशासन, रणनीतिक समझ और आत्मविश्वास से सभी का ध्यान आकर्षित किया। मैदान पर उसकी फुर्ती, साहस और खेल भावना ने यह सिद्ध कर दिया कि सच्ची लगन और परिश्रम से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं ।इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने ईशांत ठाकुर को सम्मानित करते हुए कहा कि यह पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि ईशांत की सफलता उसके अथक परिश्रम, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। साथ ही उन्होंने विद्यालय के शारीरिक शिक्षक अशोक धीमान की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके कुशल मार्गदर्शन और निरंतर प्रशिक्षण ने ईशांत की खेल प्रतिभा को निखारने में अहम भूमिका निभाई है। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि ईशांत ठाकुर ने राष्ट्रीय मंच पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह साबित कर दिया है कि ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले विद्यार्थी भी यदि सही दिशा, प्रेरणा और मार्गदर्शन प्राप्त करें तो देश-प्रदेश में अपनी विशिष्ट पहचान बना सकते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव पराशर ने बताया कि शारीरिक शिक्षक अशोक धीमान विद्यार्थियों को निरंतर खेलों के प्रति प्रेरित करते हैं और उनमें अनुशासन फिटनेस तथा खेल भावना का विकास करते हैं। उनके मार्गदर्शन, में विद्यालय के कबड्डी खिलाड़ी लगातार ब्लॉक और जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करते रहे हैं, जो उनके समर्पण और कुशल प्रशिक्षण का प्रमाण है। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजकुमार ने कहा कि अशोक धीमान एक कर्मठ, निष्ठावान और प्रतिभा को पहचानने वाले शिक्षक हैं। उनके मार्गदर्शन में विद्यालय के खिलाड़ी प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर निरंतर सफलता के नए आयाम स्थापित कर रहे हैं शारीरिक शिक्षक अशोक धीमान ने बताया कि हिमाचल प्रदेश की टीम का हिस्सा बनकर ईशांत ठाकुर ने राष्ट्रीय विद्यालयी कबड्डी प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन किया। उसने अपनी फुर्ती, रणनीति और साहस से टीम को मजबूती प्रदान की और दर्शकों तथा चयन कर्ताओं को प्रभावित किया।राष्ट्रीय प्रतियोगिता से लौटने पर जब ईशांत ठाकुर विद्यालय पहुँचे, तो विद्यालय परिवार द्वारा उनका भव्य और गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर छात्रों और शिक्षकों ने तालियों की गूंज के साथ उसका उत्साहवर्धन किया और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।ईशांत ठाकुर ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर खेलना उसके लिए गर्व का क्षण है और वह भविष्य में और अधिक मेहनत कर प्रदेश और देश का नाम रोशन करना चाहता है ।उप- प्रधानाचार्य बलविंदर शर्मा ने कहा कि ईशांत की यह उपलब्धि विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है और इससे छात्रों में खेलों के प्रति रुचि और उत्साह और अधिक बढ़ेगा।इस अवसर पर हंसराज, सतीश डोगरा, विनोद कुमार, कमल चौहान, लवेश ठाकुर, अमित, प्रवेश राणा, नंदलाल, प्रवेश कुमार, कांता देवी, संयोगिता शर्मा, आशा देवी संदेश सहित विद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे। ईशांत ठाकुर की यह सफलता न केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि यह समूचे क्षेत्र के युवाओं के लिए यह संदेश है कि दृढ़ संकल्प, कड़ी मेहनत और सही मार्गदर्शन से हर सपना साकार किया जा सकता है।

# राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भलौण के छात्र-छात्राओं ने किया आईटीआई नैहरियां का एक्सपोजर विजिट



जागो वर्ल्ड -गगरेट/अम्ब / ज्योति स्याल

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भलौण के छात्र- छात्राओं ने शनिवार को नैहरियां स्थित सरकारी आईटीआई में एक दिवसीय " एक्सपोजर विजिट " की इस मौके पर इन्होंने आईटीआई की कार्यप्रणाली और वर्तमान में यहां चल रहे व्यवसायों के बारे में विस्तार से जाना । आईटीआई के प्रधानाचार्य ई. परवेश शर्मा ने बताया कि यह आईटीआई सन् 2007 में शुरू हुई थी वर्तमान में इस आईटीआई में फिटर , एसओटी और ड्रेस मेकिंग व्यवसायों में 84 प्रशिक्षु प्रशिक्षण ग्रहण कर रहे हैं । उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि जब आप घर जाएं तो आईटीआई और आईटीआई में चल रहे विभिन्न व्यवसायों के बारे में अपने परिजनों और दोस्तों को जरूर बताएं उन्होंने बताया कि इस तरह की एक्सपोजर विजिट से जहां बच्चों को आईटीआई की कार्यप्रणाली के बारे में पता चलता है , वहीं उन्हें एक दूसरे को समझने में भी सहायता मिलती है । इस अवसर पर भ्रमण पर आए छात्र - छात्राओं नाजिया, कोमल, अंशिका, सिरत, शिवांग, नक्ष वैश्णवी, वंदना, नेहा, अक्षित व साकेत ने विद्यालय के इस प्रयास क़ो सराहा और विजिट में प्राप्त जानकारियों क़ो भविष्य के लिए बहुपयोगी बताया | आईटीआई के अनुदेशकों सुनील दत्त, विवेक कुमार , अनिल कुमारी व आशा रानी ने भ्रमण पर आए छात्र-छात्राओं को विभिन्न कार्यशा-लाओं में ले जा कर वहां स्थापित मशीनों के बारे में कई महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध करवाईं । राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भलौण के अध्यापक राज कुमार ने बताया कि आज आईटीआई में हमारे छट्ठी, सातवीं व आठवीं कक्षा के बच्चों को अलग- अलग ट्रेड में जाने और वहां की कार्यप्रणाली को देखने का मौका मिला । साथ ही छात्रों ने यहां स्थापित मशीनों के बारे में बहुत सी जानकारियां हासिल कीं । विद्यालय के बच्चों द्वारा आईटीआई के प्रशिक्षुओं को प्रयौगिक कार्य करते हुए देखना बहुत ही अच्छा अनुभव रहा । इसके लिए हम सभी आईटीआई नैहरियां के प्रधानाचार्य व समस्त स्टाफ का धन्यवाद करते हैं । इस अवसर पर आईटीआई नैहरियां के कार्यलय डिईओ इंद्रजीत और विद्यालय की ओर से आई अध्यापिका सलोचना देवी व मंजू देवी भी उपस्थित रहीं ।

# दुलैहड में 14 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम समापन

जागो वर्ल्ड -ऊना / हरोली/ सिमरन कौर







पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (पीएनबी आरसेटी), ऊना कार्यालय द्वारा दुलैहड ग्राम पंचायत में आयोजित 14 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत नरम खिलौने बनाने एवं विपणन संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन सफलतापूर्वक हुआ। समापन समारोह में पूर्व ग्राम पंचायत उप- प्रधान महेंद्र बोदी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया तथा सभी प्रतिभागियों से अपील की कि वे इस प्रशिक्षण का अधिकतम लाभ उठाकर स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ाएं और आत्मनिर्भर बनें।इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित यूको बैंक के शाखा प्रबंधक अमित शर्मा ने प्रतिभागियों को विभिन्न बैंकिंग एवं ऋण योजनाओं की जानकारी दी तथा उन्हें स्वरोजगार शुरू करने हेतु बैंक ऋण सुविधा का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। पीएनबी आरसेटी ऊना के कार्यक्रम संचालक एवं सदस्य आकाश भारद्वाज ने जानकारी दी कि पंजाब नेशनल बैंक द्वारा जिला ऊना के 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग के बेरोजगार युवाओं को निःशुल्क व्यावस-ायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। साथ ही, प्रशिक्षण उपरांत स्वरोजगार स्थापित करने के लिए बैंक ऋण सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती है, ताकि युवा आत्मनिर्भर बनकर अन्य लोगों को भी रोजगार से जोड़ सकें। इस दौरान कुल 30 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में पूर्व वार्ड पंच एवं समाजसेवी सुनीता रानी, यूको बैंक से परगट सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

# विभाग के कार्यालय से निकल रहे वेस्ट पानी ने सड़क में डाले खड्डे

जागो वर्ल्ड -ऊना / ब्यूरो रिपोर्ट

अब प्रश्न ये बनता है कि विभाग के मुख्य गेट के आगे इतने समय से पानी का रिसाव को रहा था, क्या आज दिन तक इस को किसी अधिकारी या कर्मचारी ने नही देखा।





विभाग ने इस को ठीक करवाने की नही उठाई जहमत

ऊना मुख्यालय पर स्थित जिला परिषद कार्यालय को जाने वाली सड़क में पानी के रिसाव से सडक पर खड़े पड़ने से अब आम जनता सहित अन्य अधिकारियों व कर्म-चारियों का चलना भी मुश्किल हो गया है लेकिन विभाग ने इस को लेकर कभी भी कोई ठोस कदम नही उठाया।इस बात का खुलासा तब हुआ जब आज दिशा कमेटी की बैठ-क लेने पहुचे सांसद अनुराग ठाकुर जिला परिषद हाल में पहुचेदरसल लोकसभा सांसद की बैठक को कवर करने के लिए मीडिया कर्मी आज अनुराग सिंह ठाकुर से पहले ही बैठक स्थल पर पहुँच गए थे।

लेकिन बैठक स्थल तक पहुचने के लिए जिस रास्ते का इस्तेमाल होने था उस पर वेस्ट पानी लीक होने के चलते जगह जगह खड़े पड़ गए, एक मीडिया कर्मी ने ग्राउंड ज़ीरो से वहां से उस निकलते पानी को देखते हुए लाइव कर दिया। फिर क्या था कुछ ही देर में आई पी एच की टीम वहां पहुची ओर लीकेज पानी को बन्द करने के लिए इन्होंने खुदाई शुरू कर दी। जब खुदाई की गई तो पाया गया कि जहा से ओर जिस पाइप से पानी लीक हो रहा है

वो दरसल आई पी एच विभाग की है ही नही जब आस-पास कर्मचारियों ने नजर दौड़ाई तो पाया गया कि साथ लगते वेलफेयर डिपार्टमेंट की ये वेस्ट पानी की पाई है जो कि सड़क से बड़े नाले तक डाली गई है। जब आई पी एच विभाग ने इस कि गहनता से पड़ताल की तो पाया कि वेस्ट पानी की पाइप का आगे का सिरा बन्द पड़ा है जिस कारण पाइप के जुइन्ट से ये पानी रिस रहा है जिस कारण ये सारा पानी सड़क परइकठ्ठा हो रहा है और उसी कारण सड़क पर खड़े पड़ गए है।

अब प्रश्न ये बनता है कि विभाग के मुख्य गेट के आगे इतने समय से पानी का रिसाव को रहा था,क्या आज दिन तक इस को किसी अधिकारी या कर्मचारी ने नही देखा।

अगर देख भी लिया तो क्या किसी ने इस को ठीक करवाना उचित नही समझाअगर आज ये वीडियो वायरल न होती तो क्या इस पाइप को ठीक कि-या जाता।ऐसे कई प्रश्न आज उठते हुए दिखाई दिए। फिलहाल आई पी एच विभाग ने भी ये कह करअपना पल्ला झाड़ लिया कि ये पाइप हमारी नही है।

लेकिन जिस कार्यालय से ये पानी बाहर छोड़ा जाता है उस को जानकारी दी जाएगी। आगे वो अब इस को ठीक करवाते है या नही ये उनकी ज़िमेदारी बनती है। बात तो फिर ज़ीरो से ही शुरू हो गई एक दूसरे विभाग पर बात फेकना ये आज पहली बार नही हुआ है लेकिन सिस्टम को अपने आप मे बदलने की ज़रूरत है। अब देखना ये है कि ये टूटी हुई पाइप लाइन अब कितने दिनों में ठीक होती हैऔर कब लोगो को राहत मिलती है।

# चिट्ठा मुक्त समाज की दिशा में सशक्त कदम चूरड़ी स्कूल ने निकली जागरूकता रैली

जागो वर्ल्ड -बंगाणा / कुटलैहड़ / जोगिंदर देव आर्य



कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चूरड़ी में चिट्ठा मुक्त समाज अभियान के अंतर्गत एक प्रेरणादायक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली का उद्देश्य समाज को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना तथा युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना रहा विद्यालय के प्रधानाचार्य कर्म चंद ने कहा कि कोई भी नशा व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक जीवन को पूरी तरह से नष्ट कर देता है, लेकिन आज के समय में चिट्ठे का नशा सबसे अधिक घातक रूप में उभरकर सामने आया है। यह न केवल युवाओं के भविष्य को अंधकारमय बना रहा है, बल्कि पूरे समाज की नींव को भी कमजोर कर रहा है। उन्होंने कहा कि चिट्ठे का अवैध कारोबार एक सामाजिक अभिशाप बन चुका है, जिससे लड़ने के लिए सामूहिक जागरूकता और दृढ़ संकल्प की आवश्यकता है।प्रधानाचार्य कर्म चंद ने कहा कि सरकार ने नशे के विरुद्ध सख्त कदम उठाए हैं और विभिन्न स्तरों पर जागरूकता अभियानों के माध्यम से समाज को नशा मुक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इन प्रयासों को सफल बनाने के लिए विद्यालय अभिभावक और समाज के प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है।विद्यालय से आरंभ हुई इस जागरूकता रैली के दौरान विद्यार्थियों ने चिट्ठे के विरुद्ध विभिन्न प्रकार के नारे लगाते हुए समाज को एक सकारात्मक और प्रेरणादायक संदेश दिया। विद्यार्थियों के नारों ने वातावरण को जागरूकता और संकल्प से भर दिया। “नशे को ना, जीवन को हां!”“चिट्ठा छोड़ो, सपने जोड़ो! स्वस्थ युवा, सशक्त भारत!”“नशा मुक्त समाज, खुशहाल भविष्य! आज संकल्प लें, चिट्ठे से दूर रहें!”शिक्षक पुरुषोत्तम ने कहा कि चिट्ठा समाज में युवाओं के सुनहरे भविष्य को बर्बाद कर रहा है और यह एक गंभीर सामाजिक चुनौती बन चुका है। उन्होंने कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति हैं, और यदि यही शक्ति नशे के दलदल में फंस जाए, तो समाज और राष्ट्र दोनों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है ।स्कूल की शिक्षिका ज्योति कुमारी ने कहा कि वर्तमान सरकार चिट्ठे के खिलाफ अभियान को धरातल पर पूरी मजबूती के साथ सख्ती से लागू कर दिया है। नशे के कारोबार पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है और समाज को चिट्ठा मुक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि सरकार और जनता के संयुक्त प्रयासों से यह अभियान अवश्य सफल होगा।स्कूल के शिक्षक सुरेश कुमार ने कहा कि युवाओं को चिट्ठे के दलदल से बचाने और समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए हम सभी को अपने बच्चों पर विशेष ध्यान देना होगा, उनके साथ संवाद बढ़ाना होगा और उन्हें सही दिशा दिखाकर उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाना होगा। स्कूल की विद्यार्थियों तमन्ना , वासू, आशीष, योगेश, आदर्श, रुचिका नैना, रुचि राणा ने कहा कि यह अभियान तभी सफल होगा जब समाज और युवा वर्ग इससे जुड़ेगा एवं दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करेगा। सभी विद्यार्थियों ने एकजुट होकर कहा कि विभिन्न प्रकार के नशों एवं सबसे भयानक चिट्ठे के सेवन से दूर रहकर युवा वर्ग शिक्षित, स्वस्थ स्वच्छ रहकर ही सुदृढ़ समाज का निर्माण कर सकते हैं। प्रधानाचार्य कर्म चंद ने सभी नागरिकों और विद्यार्थियों से आह्वान किया कि यदि कहीं भी नशे के कारोबार या नशे के सेवन की जानकारी मिले, तो उसे छिपाने के बजाय विद्यालय में अपने शिक्षकों और घर पर अपने अभिभावकों के साथ सांझा करें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।

# राज्यसभा चुनाव में कुछ भी होने का किया दावा



जागो वर्ल्ड -ऊना / ब्यूरो रिपोर्ट

पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने ऊना में दिशा के तहत जिला अधिकारियों की एक बैठक की अध्यक्षता की । इस बैठक में उन्होंने जिले में विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए । इस दौरान मीडिया से बातचीत में उन्होंने हिमाचल सरकार और प्रदेश के उच्च अधिकारियों के बीच तनातनी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे कांग्रेस में विभिन्न खेमों का अहम बताया । इसके साथ ही पूर्व केंद्रीय मंत्री ने इसे कांग्रेस में बिखराव की संज्ञा दी । अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस में बिखराव से किसी बड़े कदम का संकेत होने का भी दावा किया । उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री , मंत्रियों में तो मतभेद का ही परिणाम है कि अब अधिकारी इस बिखराव का शिकार हो रहे हैं । पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश में सड़कों के बेहतरी और निर्माण के लिए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिलकर 2 हजार करोड़ रुपए की मांग किए जाने की बात कही । जबकि राज्य में सड़कों की बदतर हालत के लिए प्रदेश सरकार को जिम्मेदार बताया । उन्होंने कहा केंद्रीय सहायता प्राप्त और राष्ट्रीय राज मार्गो के रखरखाव के लिए तो राज्य सरकार का पैसा भी नहीं लगता लेकिन बावजूद इसके राज्य सरकार प्रदेश में सड़कों का रखरखाव बेहतर कर पाने में असफल सिद्ध हो रही है ।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक कामेश्वर शर्मा द्वारा निधि एंटरप्राइजेज, टुटू, शिमला 171011 से प्रकाशित तथा दुर्गा पेपर कन्वर्टर्ज़ तारादेवी से मुद्रित। दैनिक जागो वर्ल्ड से संबंधित सभी मामलों का निपटारा न्यायिक अधिकार क्षेत्र शिमला में ही होगा। फोन नंबर 9857388888 ,01772800002, पोस्ट बॉक्स नंबर 123 दी मॉल शिमला 17001,email -jagohimachalpradesh@gamil.com,kameshwarshimla@gmail.com

# सांसद अनुराग ठाकुर ने की केंद्र प्रायोजित योजनाओं की गहन समीक्षा, कार्यों में गति लाने के दिए निर्देश

जागो वर्ल्ड - ऊना / ब्यूरो रिपोर्ट

सांसद अनुराग ठाकुर ने आज यहां आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक की अध्यक्षता की और केंद्र प्रायोजित विकास योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जहां आवश्यक हो, वहां मनरेगा के तहत कन्वर्जेंस करते हुए लंबित कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करेंताकि योजना-ओं की गति और गुणवत्ता दोनों सुनिश्चितहो सके।सांसद ने अधिकारियों से कहा कि वे केवल लक्ष्यों को प्राप्त करने तक सीमित न रहें, बल्कि कार्य प्रणाली में सुधार लाकर योजना-ओं को अधिक प्रभावी बनाएं। गहन और व्यापक विश्लेषण करते हुए सिस्टम को बेहतर बनाने में योगदान दें ताकि ज-नता को योज-नाओं का वास्तविक लाभ मिल सके।



उन्होंने कहा किस्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत हिमाचलमें आने वाले पर्यटकों और हिमाचलवासियों की सुविधा के लिए नैशनल हाईवे पर हर 10 किलोमीटर की दूरी पर शौचालय बनाने और साईन बोर्ड लगाने के निर्देश दिए जिसके लिए 15दिन के भीतर रोड मैप बनाने के सम्बंधित विभागको निर्देश दिए।

## जुलाई, 2026 तक पूरा करें पीजीआई सैटेलाइट सेंटर का कार्य

उन्होंने मलाहत में बन रहे पीजीआई सैटेलाइट सेंटर के कार्य में देरी पर गहरी नाराजगी जताते हुए क्रियान्वयन एजेंसी को जुलाई, 2026 तक सभी सुविधाओं सहित निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ओपीडी औरआईपीडी समेत सभी अत्याधुनिक सेवाएं तय समय में उपलब्ध होनी चाहिए।

## ऊना रेलवे स्टेशन में पार्किंग सुविधा

सांसद ने ऊना रेलवे स्टेशन के प्रवेश व निकास बिंदु, जनसुविधाएं, कैंटीन टॉयलेट आदि की स्थिति सुधारने के साथ पार्किंग व्यवस्था के लिए अगले 30 वर्षों की यातायात संभावनाओं पर आधारित विस्तृत प्रस्ताव तैयार करने को कहा। फोरलेनडीपीआर व्यावहारिक आधार पर बनेअनुराग ठाकुर ने ऊना जिले में प्रस्तावित फोरलेन परियोजनाओं की डीपीआर बनाने से पहले पूरी व्यावहारिकता के साथ अध्ययन करने के निर्देश दिए गए। सांसद ने कहा कि डीपीआर बनात े समय यह तय किया जाए कि मुख्य बाजार चोक न हों, बायपास कहां जुड़े और सड़कों का ग्रेड इस तरह हो जिससे दुर्घटनाओं में कमीआए।

## प्लास्टिक कचरे के निपटान की करें बेहतर व्यवस्था

सांसद ने जिले में औद्योगिक और पर्यटक स्थलों पर प्लास्टिक कचरे के प्रभावी निपटान की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कचरा सर्वेक्षण कर कलेक्शन सेंटर स्थापित करने के निर्देश दिए।उन्होंने अंब उपमंडल में खुले केंद्रीय वि-द्यालय के लिए शीघ्र भवन सुनिश्चित करने और सुचारू रूप से कक्षाएं चलाने पर ध्यान देने को कहा गया।

सांसदने प्रबंधक,पीएनबी आर सेटी को बाजार की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण देने पर फोकस करने को कहा और आर सेटी को यह भी डेटा प्रस्तुत करने को कहा कि अब तक प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकेयुवाओं में से कितने युवाओं ने स्वरोजगार आरम्भ किया।

स्वास्थ्य विभाग अनुराग ठाकुर ने ज़िला में बढ़ते एचआईवी के रोगियों की संख्या पर चिंता व्यक्त की और कहा कि स्वास्थ्य विभाग को शिक्षा विभाग के साथ मिलकर हर वर्ष स्कूलों में आयो-जित किए जाने वाले वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में एचआईवी, ड्रग्स और टीबी इत्यादि के बारे में भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों वनुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को जागरूक करना चाहिए।

## अवैध खनन पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश

ऊना में अवैध और अवैज्ञानिक खनन पर चिंता जताते हुए सांसद ने कहा कि इससे प्रदेश की संपदा और राजस्व दोनों को नुकसान हो रहा है। उन्होंने तय सीमा से अधिक मलबा ढोने वाले टिप्परों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की प्रगति की समीक्षा

सांसद ने बताया कि पीएमजीएसवाई फेज 1 व 2 के तहत जिले में 190 कार्यों पर 311.28 करोड़ तथा पुलों पर 23.26 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। योजना के तीसरे चरण में 30 नई सड़क व पुल परियोजनाएं प्रस्तावित हैं।निजी भूमि पर किराये पर रह रहे प्रवासी मजदूरों को अनिवार्य रूप से उपलब्ध हों शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएंउन्होंने निर्देश दिए कि िजी भूमि पर किराये पर रह रहे प्रवासी मजदूरों को शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध करवाई जाएं उन्होंने कहा कि प्रशासन यह सुनिश्चित करे कि संबंधित लैंड ओनर या मकान मालिक द्वारा यह मूलभूत सुविधा अवश्य प्रदान की जाए।सांसद ने बीहड़-लठियाणी, बल्क ड्रग पार्क, प्रधानमंत्री सूर्या योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना इत्यादि योजनाओं के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की भी जानकारी प्राप्त की और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## जनप्रतिनिधियों ने रखे बहुमूल्य सुझाव

बैठक में विधायक सतपाल सत्ती, पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर, चिंतपूर्णी के पूर्व विधायक बलवीर चौधरी सहित अन्य सदस्यों ने विकास संबंधी अपने महत्वपूर्ण सुझाव रखे।बैठक में उपायुक्त जतिन लाल ने सांसद के निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया और सभी विकास कार्य तय समय में पूर्ण करने की बात कही। वहीं, पुलिस अधीक्षक अमित यादव ने खनन पर नकेल कसने को लेकर उठाए जा रहे कदमों की जानकारी दी।इस अवसर पर अध्यक्ष, जिला परिषद नी-लम कुमारी, अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी तथा समिति के गैर सरकारी तथा सरकारी सदस्य उपस्थित रहे।

# वीबी जी-राम-जी मजदूर हित व ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ीकरण की नई सशक्त पहचान: अनुराग सिंह ठाकुर

जागो वर्ल्ड -ऊना / ब्यूरो रिपोर्ट

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर से भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने आज ऊना के लाल सिंही गांव के भाजपा कार्यालय में विकसित भारत, गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण), यानी 'जी राम जी को लेकर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि इस योजना को लाने के पीछे की मंशा गरीब कल्याण की इस योजना को पूरी तरह से पारदर्शी बनाना, फर्जी जॉब कार्ड के सहारे गरीबों के हक़ के पैसे का जो बंदरबाँट हो रहा था, उस हकमारी को पूरी तरह से समाप्त करना था। मगर यह विडंबना ही है कि गरीबों को जब कभी राहत मिलती है कांग्रेस आहत हो जाती है। श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा " केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा को संशोधित करते हुए विकसित भारत जी राम जी परियोजना के रूप में लाया जा रहा है। इसी के तहत भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशव्यापी अभियान चलाकर इस नए अधिनियम के फायदे लोगों को बताए जा रहे हैं। शनिवार को सांसद अनुराग ठाकुर ने इसी अभियान के तहत जिला मुख्यालय के लालसिंगी के दोनों बूथ और अरनियाला ग्राम केंद्र के बाशिंदों को इस अधिनियम की खूबियां बताई। उन्होंने कहा कि पहले था लेकिन अब 125 दिन का रोजगार होगा। उन्होंने कहा कि पहले मजदूर को 15 दिन के भीतर पैसे मिलते थे। लेकिन अब इसे 7 दिन के भीतर मजदूर के खाते में पहुंचना सुनिश्चित किया जाएगा, यदि विलंब होगा तो उसका ब्याज भी मजदूर को दिया जाएगा। इस मौके पर उन्होंने कहा कि नए स्वरूप के तहत मजदूरों को खेती किसानी के लिए भी पर्याप्त समय मिलेगा। जबकि इसके अतिरिक्त इसके स्वरूप को और विस्तृत करते हुए कई काम शामिल किया जा रहे हैं ताकि ग्रामीण क्षेत्र को इस अधिनियम के दम पर सही मायने में विकसित किया जा सके। उन्होंने कहा कि पूर्व यूपीए सरकार के समय मनरेगा का अधिकतम बजट 33000 करोड रुपए रहा था, लेकिन भाजपा की सरकार ने



## गरीबों की राहत पर कांग्रेस का आहत होना पुरानी आदत: अनुराग सिंह ठाकुर

मनरेगा को 111 लाख करोड़ का बजट भी दिया"श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा " आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने मनरेगा में मूलभूत सुधार लाने व मनरेगा के ढांचे में क्रांतिकारी बदलाव लाने के उद्देश्य से विकसित भारत– रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक, 2025 लेकर आई। यह नया कानून न केवल ग्रामीण परिवारों को अधिक दिनों के रोजगार की गारंटी देता है, बल्कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को हासिल करने में भी यह सहायक होगा। इस विधेयक को लाने के पीछे की मंशा बिल्कुल साफ थी, हमारा उद्देश्य है गरीब कल्याण की इस योजना को पूरी तरह से पारदर्शी बनाना, फर्जी जॉब कार्ड के सहारे गरीबों के हक़ के पैसे का जो बंदरबाँट हो रहा था, उस हकमारी को पूरी तरह से समाप्त करना। जी-राम जी का उद्देश्य लंबे समय से चली आ रही बिखरी हुई व्यवस्था और नीतिगत गतिरोध को समाप्त करना है। यह बिल पुराने बिखरे हुए नियमों को निरस्त कर उनकी जगह लाइसेंसिंग, सुरक्षा एप्रूवल, जवाबदेही और मुआवजे को कवर करने वाला एक फ्रेमवर्क लागू करता है कांग्रेस के इतिहास पर नजर डालिए। कांग्रेस केवल नाम बदलने में लगी रही। कोविड के समय मजदूर और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए मोदी सरकार ने अपने सारे खजाने खोल दिए थे। हमने MGNREGA में 1 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का खर्च हमने मनरेगा में किया था, जो कांग्रेस कभी सोच भी नहीं सकती थी। कांग्रेस के समय लोगों को पैसा नहीं मिलता था, बिचौलिए खा जाते थे। हमने जियोटैग करने का काम शुरू किया। बैंक खाते खुलवाकर लोगों के खातों में पैसा डालने का काम हमने किया। इनके समय कहते थे कि 15 दिन में पैसा मिलेगा। कई- कई महीने तक पैसा नहीं मिलता था। हमने उसको वीकली करने का नाम किया। यही नहीं इसका बजट भी पहले से ज्यादा हो, राज्य सरकारों की भूमिका हो, वो भी हमने किया जिससे स्कीम का विस्तार किया जा सके"श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा " विकसित भारत– जी राम जी विधेयक 2025 सिर्फ रोजगार योजना नहीं, बल्कि रोजगार और आजीविका मिशन के तौर पर देश की अर्थव्यवस्था को और गति देने वाली योजना बनेगी। और गांवों में खपत बढ़ेगी नए कानून की प्रमुख विशेषता यह है कि ग्रामीण परिवारों को प्रति वित्तीय वर्ष 125 दिनों के मजदूरी रोजगार की वैधानिक गारंटी दी जाएगी, जो मनरेगा के तहत मिलने वाले 100 दिनों से 25 दिन अधिक है। पुराने कानून में मज़दूरों को 15 दिनों के अंदर मजदूरी देने की बात थी ।अब नए कानून में एक सप्ताह के अन्दर मजदूरी देना जरुरी होगा, और अगर किसी कारण से तय समय सीमा के अंदर मजदूरों को कम के बदले मजदूरी नहीं मिलती है अगर मजदूरों को काम उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो ऐसी हालत में वह unemployment allowance के हकदार होंगें। भारत के गांवों को और अधिक अधिकार मिले, पंचायत अपना भविष्य तय करे यही तो राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के ग्राम स्वराज्य का दर्शन है औ जीराम जी के मूल में गांधी जी के यही मूल्य समाहित हैं"

# सरकारी स्कूलों में लागू किया जा रहा सीबीएसई पाठ्यक्रम, बच्चों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना है लक्ष्य : उपमुख्यमंत्री

जागो वर्ल्ड -ऊना / ब्यूरो रिपोर्ट

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने चयनित सरकारी विद्यालयों में सीबीएसई पाठ्यक्रम लागू करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है उन्होंने कहा कि इस फैसले का उद्देश्य विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा के अनुरूप तैयार करना तथा उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाना है।प्रदेश सरकार राज्य के 117 वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में सीबीएसई पाठ्यक्रम लागू करने जा रही है। इसके अंतर्गत ऊना जिले के भी करीब एक दर्जन विद्यालयों को सीबीएसई पैटर्न पर संचालित किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री शनिवार को ऊना



जिले के अंब उपमंडल के दुसाड़ा स्थित केवी इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिकोत्सव समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने अकादमिक, खेलकूद एवं सांस्क-ृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुए उपमुख्यमंत्री ने अपनी ऐच्छिक निधि से 31 हजार रुपये देने की घोषणा की।बच्चों






के विकास में शिक्षक सबसे महत्वपूर्ण कड़ी उपमुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी बच्चे के जीवन में शिक्षक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि शिक्षकों द्वारा तराशे गए बच्चे ही आगे चलकर देश- दुनिया का नेतृत्व करते हैं।उन्होंने अभिभा-वकों से आग्रह किया कि वे बच्चों के वार्षिक कार्यक्रमों में अवश्य शामिल हों तथा बच्चों के लिए समय निकालें। साथ ही विद्यालय प्रबंधन से भी आग्रह किया कि आमंत्रण पत्र में दोनों माता-पिता को आमंत्रित करना सुनिश्चित किया जाए, ताकि वे बच्चों की पढ़ाई एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उनके प्रदर्शन को देख सकें।उपमुख्यमंत्री ने अपने स्कूल जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि उस दौर में अध्यापकों का सम्मान बहुत ऊंचा होता था। उन्होंने आज भी अध्यापकों का सम्मान करने पर बल देते हुए कहा कि अभिभावकों को छोटी- छोटी बातों पर शिक्षकों से नहीं उलझना चाहिए। शिक्षक बच्चों के हित के लिए अपना जीवन समर्पित करते हैं।शिक्षा उज्ज्वल समाज की आधार शिला उपमुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा एक उज्ज्वल समाज के निर्माण के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पहले के दौर में निरक्षरता आम थी, लेकिन आज समय बदल गया है।उन्होंने हरोली क्षेत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले वहां शिक्षा की स्थिति कमजोर थी, लेकिन अब परिस्थितियां बदली हैं। उन्होंने कहा कि जिसकी मां कभी निरक्षर थी, आज उसकी बेटी जज, वकील और अधिकारी बन रही है, जो शिक्षा की ताकत को दर्शाता है।कार्यक्रम में कांग्रेस जिला अध्यक्ष देशराज गौतम, कांग्रेस वरिष्ठ नेता अशोक ठाकुर, डॉ. रविंद्र शर्मा, स्थानीय प्रधान नीरू बाला, उपप्रधान सहदेव, समाजसेवी प्रवीण शर्मा, सुरेश शर्मा, महेश शर्मा, एसडीएम अंब पारस अग्रवाल, डीएसपी अंब अनिल पटियाल, जलशक्ति विभाग के अधिशासी अभियंता होशियार सिंह स्कूल प्रबंधन से नरेश शर्मा सहित अन्य प्रबंधक, स्कूल स्टाफ, विद्यार्थी एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक कामेश्वर शर्मा द्वारा निधि एंटरप्राइजेज, टुटू, शिमला 171011 से प्रकाशित तथा दुर्गा पेपर कन्वर्टर्ज़ तारादेवी से मुद्रित। दैनिक जागो वर्ल्ड से संबंधित सभी मामलों का निपटारा न्यायिक अधिकार क्षेत्र शिमला में ही होगा। फोन नंबर 9857388888 ,01772800002, पोस्ट बॉक्स नंबर 123 दी मॉल शिमला 17001,email -jagohimachalpradesh@gamil.com,kameshwarshimla@gmail.com

## विश्व के एकमात्र राहू मंदिर पैठाणी में सौंदर्यीकरण का भव्य शुभारंभ, पर्यटन व रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

जागो वर्ल्ड -पौड़ी गढ़वाल / भगवान सिंह



पौड़ी जिले के पैठाणी स्थित विश्व के एकमात्र राहू मंदिर में आज सौंदर्यीकरण कार्य का विधिवत और भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने मंदिर प्रांगण में विधि-विधान से भूमि पूजन कर कार्य की शुरुआत की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि पैठाणी का राहू मंदिर विश्व में अपनी अलग पहचान रखता है। सौंदर्यीकरण कार्य पूर्ण होने के बाद यहां धार्मिक पर्यटन को नई दिशा मिलेगी। इससे न केवल श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि होगी, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए स्वरोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि पर्यटन के बढ़ने से पैठाणी के निजी बाजारों और व्यापारिक गतिविधियों को भी आर्थिक मजबूती मिलेगी। डॉ. रावत ने क्षेत्र की अन्य विकास योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि मलुण्ड–पैठाणी पम्पिंग योजना का कार्य 100 दिनों के भीतर पूरा कर लिया जाएगा, जिससे क्षेत्र के प्रत्येक गांव को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि मूलभूत सुविधाएं हर गांव तक पहुंचें, ताकि ग्रामीणों का जीवन स्तर बेहतर हो सके। इस अवसर पर डॉक्टर रावत ने कहा कि भविष्य में बद्रीनाथ और केदारनाथ यात्रा को भी पैठाणी से जोड़ने की योजना है। इससे राहू मंदिर में आने वाले श्रद्धालु यहीं से होकर बद्रीनाथ और केदारनाथ के दर्शन भी कर सकेंगे, जिससे पैठाणी धार्मिक पर्यटन के एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में उभरेगा। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि जिस तरह से लोगों का स्नेह और समर्थन मिल रहा है, उसे आगे भी बनाए रखें। आने वाले दो वर्षों में पैठाणी क्षेत्र में व्यापक विकास होगा, जिसका लाभ न केवल स्थानीय लोगों को बल्कि आसपास के क्षेत्रों को भी मिलेगा। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि पैठाणी में स्थापित व्यावसायिक विश्वविद्यालय में गरीब से गरीब परिवार का बच्चा भी शिक्षा प्राप्त कर रहा है, और शिक्षा के माध्यम से ही समाज को आगे बढ़ाया जा सकता है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रचना बुटोला, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शांति देवी, भाजपा जिला अध्यक्ष कमल किशोर रावत, जिला महामंत्री गणेश भट्ट, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष गणेश राठी, जिला पंचायत सदस्य भरत रावत व शिवचरण नौटियाल सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सुधीर शर्मा ने समझा धर्मशाला का दर्द, दाड़ी में ट्रेड फेयर रुकवाने पर कारोबारी बोले, शुक्रिया

जागो वर्ल्ड -धर्मशाला / राकेश कुमार



स्मार्ट सिटी धर्मशाला के तहत दाड़ी मैदान में लगने वाले ट्रेड फेयर को दिग्गज भाजपा नेता व धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा ने रुकवा दिया है। शहर के सभी व्यापार मंडलों ने इसे सुधीर शर्मा की निडरता और समय पर कारोबारियों का साथ देने वाला कदम बताया है। शुक्रवार को धर्मशाला में जारी बयान में सभी प्रमुख व्यापार मंडलों ने सुधीर शर्मा का आभार जताया है। दाड़ी व्यापार मंडल अध्यक्ष हर्ष ओबराय ने कहा कि धर्मशाला शहर को स्मार्ट सिटी का दर्जा दिलाने वाले सुधीर शर्मा हमेशा गंभीर मसलों पर जनता के पक्ष में बोलते हैं। तभी सुधीर शर्मा सबसे लोकप्रिय विधायक हैं। उन्होंने कहा धर्मशाला में हारे नकारे छुटभैया कांग्रेस नेता शहर को पीछे ले जाने की साजिशें रचते हैं। ऐसे नेताओं को जनता मुंहतोड़ जवाब देगी। कचहरी के प्रमुख व्यवसायी सुनीश माटा ने कहा कि ट्रेड फेयर से स्थानीय कारोबारियों को नुकसान हो रहा था। लोकल कारोबारियों का पक्ष रखने वाला नेता सिर्फ सुधीर शर्मा हैं। उन्होंने कहा कि समस्त कारोबारियों को सुधीर शर्मा पर गर्व है। भाजपा मंडल ग्रामीण के अध्यक्ष भवनेश चौधरी ने कहा कि लोकल दुकानदारों को नुकसान पहुंचाने वाले ट्रेड फेयर को रुकवाकर लोकप्रिय विधायक सुधीर शर्मा ने शानदार काम किया है। हमें उन पर गर्व है। भाजपा महासचिव राजेश वर्मा ने कहा कि छुटभैये कांग्रेस नेता ट्रेड फेयर जैसी साजिशें रचकर शहर का नुकसान करवाना चाह रहे थे। ऐसे में विधायक ने कारोबारियों का साथ देकर बेहतरीन काम किया है।

### सुधीर शर्मा के प्रयास लाए रंग

गौर रहे कि सुधीर शर्मा के प्रयासों से अब नगर निगम धर्मशाला के क्षेत्र में लगने वाले कामर्शियल मेलों की समयावधि 10 दिनों से घटाकर पांच दिन निर्धारित कर दी गई है। एमसी धर्मशाला ने नियमों में बदलाव करते हुए 10 दिनों की अनुमति को पूरी तरह से बंद कर दिया है। इसके साथ ही अब मात्र पांच दिन ही कामर्शियल ट्रेड फेयर व मेले धर्मशाला में लगाने की अनुमति दी जाएगी। जिसमें मात्र दो दिन पहले मेला लगाने व दो दिन उखाडऩे के लिए रखे जाएंगे, जोकि कुल मिलाकर नौ दिन का समय रहेगा। यह सब विधायक के संघर्ष से हुआ है।

### खुलकर दिया साथ

कार्निवल के नाम पर जो व्यापारिक मेले धर्मशाला में आयोजित हो रहे थे, उसके खिलाफ व्यापारी वर्ग पिछले एक साल से लड़ाई लड़ रहा है। इसके लिए व्यापारी, हर उस अधिकारी के पास गए, जिनके द्वारा व्यापारिक मेलों की परमिशन दी जाती है, उनसे ऐसा न करने का आग्रह किया जा रहा था। इसी बीच सुधीर शर्मा ने खुलकर कारोबारियों का साथ दिया है। यह सराहनीय है।

## उपनल कर्मचारियों की वर्षों पुरानी मांग पूरी होने पर शिव सिंह बिष्ट ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

जागो वर्ल्ड -देहरादून / गोविन्द रावत



उत्तराखण्ड राज्य के विभिन्न विभागों में कार्यरत उपनल कर्मचारियों की वर्षों पुरानी मांग के समाधान पर पीएमजीएसवाई अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया है। शिव सिंह बिष्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने उपनल कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से समझते हुए सकारात्मक निर्णय लिया है, जिससे हजारों कर्मचारियों को राहत मिली है। उन्होंने इसे कर्मचारियों के हित में ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने समस्त उपनल कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह निर्णय कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि आगे भी राज्य सरकार कर्मचारी हितों से जुड़े मुद्दों पर इसी प्रकार संवेदनशीलता के साथ कार्य करती रहेगी।

## ग्राम पंचायत चनोली में खुली बैठक आयोजित, विकास योजनाओं पर हुई चर्चा

जागो वर्ल्ड -स्याल्दे / गोविन्द रावत



अल्मोड़ा जिले के विकास खंड स्याल्दे अंतर्गत ग्राम पंचायत चनोली में शुक्रवार को खुली बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान चनोली राजेश शर्मा ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य सुन्दर सिंह नेगी ने प्रतिभाग किया। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए ग्राम पंचायत विकास योजना तथा मनरेगा की कार्ययोजना का गठन किया गया। इस दौरान परिवार रजिस्टर एवं राशन कार्ड से संबंधित शिकायतों का निराकरण भी किया गया। जिला पंचायत सदस्य सुन्दर सिंह नेगी ने ग्रामीणों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। बैठक में ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत में विगत पांच वर्षों से चल रहे जल जीवन मिशन के कार्य के अब तक पूर्ण न होने पर नाराजगी व्यक्त की और शीघ्र कार्य पूर्ण करने का प्रस्ताव पारित किया। वहीं ग्राम पंचायत के ईकूखेत बाजार क्षेत्र में पेयजल कनेक्शन न होने पर भी रोष जताया गया तथा जल्द कनेक्शन उपलब्ध कराने की मांग की गई। इसके अलावा ग्राम पंचायत के अंतर्गत वर्ष 1973 से संचालित उप- प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पास अब तक अपना भवन न होने का मुद्दा भी बैठक में प्रमुखता से उठाया गया। वर्तमान में आंगनवाड़ी केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं एएनएम सेंटर में संचालित हो रही हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र स्वास्थ्य केंद्र के लिए भवन की व्यवस्था नहीं की गई तो वे धरना- प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। इस संबंध में ग्रामीणों ने जिला पंचायत सदस्य से अपने स्तर पर भवन निर्माण हेतु सहयोग करने का अनुरोध किया। बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्य चन्दन ढौंडियाल, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी अनुज राणा, स्वास्थ्य विभाग से फार्मासिस्ट नेगी, एएनएम, आंगनवाड़ी एवं आशा कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

## "धीये तू कन कर, नुऐं तू सुन" की तर्ज पर चल रही सुक्खू सरकार का पतन निश्चित

जागो वर्ल्ड -कांगड़ा / राकेश कुमार



भारतीय जनता प्रदेश के वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर ने आज सुक्खू सरकार की कार्यप्रणाली पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश इस समय 'संवैधानिक संकट' और 'प्रशासनिक विफलता' के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का अपने मंत्रिमंडल पर से इकबाल खत्म हो चुका है, जिसके कारण मंत्री बेलगाम होकर न केवल अधिकारियों को धमका रहे हैं, बल्कि दूसरे राज्यों के विरुद्ध जहर उगलकर देश की एकता को भी चुनौती दे रहे हैं। त्रिलोक कपूर ने कहा, "यह बेहद चिंताजनक है कि उपमुख्यमंत्री सरेआम अधिकारियों को 'रात के अंधेरे में निपटाने' की धमकी देते हैं। वहीं, मंत्री विक्रमादित्य सिंह अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए उत्तर प्रदेश और बिहार के अधिकारियों को अयोग्य बताकर क्षेत्रवाद की राजनीति कर रहे हैं। NHAI के अधिकारियों को प्रताड़ित करने वाले मंत्री का विक्रमादित्य पर कटाक्ष करना यह सिद्ध करता है कि इस सरकार में कानून का नहीं, बल्कि 'जंगलराज' का शासन है। "कपूर ने आंकड़ों के साथ सरकार को घेरते हुए कहा कि आज प्रदेश का हर नागरिक ₹ 1 लाख से अधिक के कर्ज में डूबा है। कर्मचारियों को वेतन और पेंशन के लिए सड़कों पर उतरना पड़ रहा है, लेकिन मुख्यमंत्री खजाने का मुंह केवल अपने 'खास मित्रों' के लिए खोले हुए हैं। यह सरकार आज युवाओं को नौकरियां देने के बजाय संस्थानों को बंद करने में रिकॉर्ड बना रही है। कांगड़ा की एक कहावत का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, " धीये तो कन कर, नुऐं तू सुन" । आज सुक्खू मंत्रिमंडल में आधे मंत्री मुख्यमंत्री की कार्यशैली से इतने खफा हैं कि वे सीधे बोलने के बजाय अधिकारियों के माध्यम से कटाक्ष कर रहे हैं। सरकार के भीतर चल रही यह 'शीत युद्ध' की स्थिति प्रदेश के विकास को लील रही है। त्रिलोक कपूर ने स्पष्ट किया कि जिस सरकार में केवल 'मित्र' सुखी हों और आम जनता महंगाई व भेदभाव से त्रस्त हो, ऐसी सरकार को सत्ता में रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा, " सुखविंदर सिंह सुक्खू की सरकार अपने ही अंतर्विरोधों के बोझ से भरभरा कर गिर जाएगी। भाजपा जनता के हितों की रक्षा के लिए चुप नहीं बैठेगी और इस कुशासन के खिलाफ प्रदेशव्यापी आंदोलन छेड़ेगी।"

## नशे के कारोबार में लिप्त दो तस्करों से 207 ग्राम स्मैक के साथ किया गिरफ्तार



जागो वर्ल्ड -नैनीताल / ललित जोशी

सरोवर नगरी व उसके आसपास समेत पूरे जनपद नैनीताल में पुलिस ने नशे के तस्करों को जड़ से उखाड़ने की मुहिम छेड़ते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उत्तराखण्ड के ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन को साकार करने के संकल्प को पूरा करने के लिए एसएसपी डॉ० मंजूनाथ टी०सी०, व उनकी टीम ने जनपद में मादक पदार्थों की बिक्री व तस्करी की रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। थानाध्यक्ष मुखानी सुशील जोशी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा विशेष चेकिंग अभियान के दौरान दो स्मैक तस्करों को 207 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया है। जिसकी कीमत लगभग 62 लाख रुपए के आसपास होगी। प्रभावी नियंत्रण हेतु मुखानी क्षेत्र में चेकिंग के दौरान अभियुक्तगणों धनपाल पुत्र रामसहाय, निवासी जवाहर ज्योती दमुवाढुगा थाना काठ गोदाम जनपद, नैनीताल के कब्जे से 125 ग्राम स्मैक तथा रामचन्द्र s/o लीलाधर R/O भेटाखास थाना कटरा तहसील तिलहर शाहजहांपुर उ0 प्र0 से 82 ग्राम स्मैक कुल 207 ग्राम स्मैक बरामद की गई। बरामदगी207 ग्राम स्मैक (अनुमानित मूल्य लगभग 62 लाख) पुलिस टीम।उ0 नि0 वीरेंद्र चंद (प्रभारी चौकी RTO) का0 धीरज सुगड़ा (थाना मुखानी) का० बंशीधर जोशी( थाना मुखानी) का० भूपेंद्र ज्येष्ठा (SOG) का० संतोष बिष्ट (SOG) का0 अरुण राठौर (SOG इस दौरान एसएसपी डॉ0 मंजू नाथ टीसी ने पुलिस टीम की हौसला अफजाई करते हुए 2,000 रु के नकद पुरस्कार से पुरस्कृत करने की घोषणा की गई है।

## धर्मानगरी कुरुक्षेत्र में भारतीय साधु समाज की बैठक



### सर्वसम्मति से महंत बंसी पुरी जी बने प्रदेश अध्यक्ष तो साधू समाज मे खुशी की लहर

जागो वर्ल्ड -कुरुक्षेत्र / अश्वनी वालिया

धर्मानगरी कुरुक्षेत्र में भारतीय साधु समाज की बैठक में जब सर्वसम्मति से महंत बंसी पुरी जी को प्रदेशाध्यक्ष घोषित किया गया तो साधू समाज मे खुशी की लहर देखते ही बनती थी वही नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष बंसी पूरी महाराज ने बताया कि संगठन विस्तार के साथ- साथ आधार कार्ड में गुरु नाम पर प्रश्न चिन्ह बारे सरकार को दिया ज्ञापन दिया जाएगा भारतीय साधु समाज के राष्ट्रीय संगठन मंत्री स्वामी प्रबोधनन्द ने बताया कि सर्वसम्मति से भारतीय साधु समाज का बंसी पुरी महाराज को हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष घोषित किया गया है और कार्यकारिणी के गठन का अधिकार उन्हें दिया गया है वहीं उन्होंने आधार कार्ड में पिता के नाम के साथ-साथ गुरु नाम का कॉलम देने की मांग उठाई उन्होंने कहा कि संतों की पहचान गुरुओं से होती है वही महंत बंसीपुरी महाराज ने भी कहा कि समस्या आ रही है इस बड़े सरकार से बातचीत की जाएगी!

## भविष्य में मेहनत कर नगरपालिका भीमताल को प्रदेश में नंबर एक की श्रेणी में लाना है। सीमा टम्टा

जागो वर्ल्ड - नैनीताल / ललित जोशी




सरोवर नगरी नैनीताल से महज 22 किलोमीटर दूर भीमताल नगरपालिका को अटल निर्मल नगर पुरस्कार के तहत 15 लाख रुपये से सम्मानित किया गया। साथ ही उत्तराखंड राज्य की नगर पालिका परिषद में तीसरा स्थान भीमताल नगर पालिका को मिला। जिससे नगर पालिका के सभी कर्मचारियों ने खुशी व्यक्त कर सरकार का धन्यवाद अदा किया। इस मौके पर नगर पालिका में पर्यावरण मित्रों को पालिका द्वारा सम्मानित किया गया। भविष्य में और अधिक मेहनत की जाये इस मौके पर नगरपालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी व पर्यावरण कर्मचारी मौजूद रहे।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक कामेश्वर शर्मा द्वारा निधि एंटरप्राइजेज, टुटू, शिमला 171011 से प्रकाशित तथा दुर्गा पेपर कन्वर्टर्ज़ तारादेवी से मुद्रित। दैनिक जागो वर्ल्ड से संबंधित सभी मामलों का निपटारा न्यायिक अधिकार क्षेत्र शिमला में ही होगा। फोन नंबर 9857388888 ,01772800002, पोस्ट बॉक्स नंबर 123 दी मॉल शिमला 17001,email -jagohimachalpradesh@gamil.com,kameshwarshimla@gmail.com

## राधा कृष्ण मंदिर कड्ड मोड़ भंजाळ में 17 से 23 जनवरी तक श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन

जागो वर्ल्ड -गगरेट / ज्योति स्याल




भंजाळ क्षेत्र के राधा कृष्ण मंदिर कड्डु मोड़ में श्रीमद् भागवत कथा का भव्य एवं दिव्य आयोजन 17 जनवरी से 23 जनवरी तक श्रद्धा व भक्ति भाव के साथ किया जा रहा है। यह पावन कथा प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्रसिद्ध कथा- वाचक आचार्य गणेश दत्त शास्त्री जी के मुखारविंद से श्रवण कराई जाएगी। श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ से पूर्व क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। कथा से पहले भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाओं एवं पुरुषों ने भाग लिया। यह कलश यात्रा राधा कृष्ण मंदिर कड्डु मोड़ से प्रारंभ होकर डेरा बाबा रुद्रानंद अमलैहड़ पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके उपरांत कलश यात्रा पुनः राधा कृष्ण मंदिर में संपन्न हुई। कलश यात्रा के दौरान "राधे- राधे", "जय श्री कृष्णा" और "हरे कृष्ण हरे राम" के जयघोषों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालु भक्ति गीतों व भजनों पर झूमते नजर आए। मंदिर परिसर को फूलों एवं धार्मिक झंडियों से सुंदर रूप से सजाया गया था, जिससे वातावरण अत्यंत मनोहारी बन गया।मंदिर समिति एवं कथा आयोजकों ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का उद्देश्य समाज में धर्म, संस्कार प्रेम, सद्भाव और मानव कल्याण का संदेश देना है। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्त प्रह्लाद, ध्रुव चरित्र, गोवर्धन पूजा सहित अनेक प्रसंगों का सुंदर वर्णन किया जाएगा।

## त्रिदेव मंदिर नकड़ोह में श्रद्धा व आस्था के साथ हुआ वार्षिक भंडारा एवं हवन

जागो वर्ल्ड -गगरेट / ज्योति स्याल



गगरेट क्षेत्र के प्रसिद्ध त्रिदेव मंदिर नकड़ोह में शुक्रवार को श्रद्धा और भक्ति के माहौल में वार्षिक भंडारे एवं हवन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भंडारे में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया तथा त्रिदेव भगवान के चरणों में माथा टेककर सुख-समृद्धि की कामना की ।कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन- यज्ञ से की गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुतियां अर्पित कर क्षेत्र की खुशहाली और शांति की प्रार्थना की। त्रिदेव मंदिर का संचालन स्थानीय मंदिर कमेटी द्वारा किया जाता है, जो धार्मिक परंपराओं के साथ- साथ सामाजिक सेवा में भी सक्रिय भूमिका निभाती है। मंदिर कमेटी द्वारा हर वर्ष निर्जला एकादशी के अवसर पर भीषण गर्मी के दौरान श्रद्धालुओं एवं राहगीरों की सेवा हेतु ठंडे मीठे जल की छबील लगाई जाती है, जिससे आमजन को राहत मिलती है। मंदिर कमेटी के सदस्यो ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों का उद्देश्य धार्मिक आस्था को मजबूत करने के साथ -साथ समाज में आपसी भाईचारे और सेवा भावना को बढ़ावा देना है। श्रद्धालुओं ने मंदिर कमेटी के इस सराहनीय प्रयास की भूरि - भूरि प्रशंसा की।

## मुबारिकपुर रोड पर घायल नंदी की दुर्दशा, उपचार व सुरक्षित स्थान की उठी मांग

जागो वर्ल्ड -दौलतपुर चौक / संजीव डोगरा



मुबारकपुर रोड पर लेखी अस्पताल के समीप बीते तीन दिनों से एक नंदी (बैल) गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा हुआ है। इस संबंध में स्थानीय निवासी कर्ण तलवाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि नंदी चलने- फिरने में पूरी तरह असमर्थ है और लगातार असहनीय पीड़ा झेल रहा है ।कल्ब सदस्यों द्वारा पशुपालन विभाग की सहायता से नंदी को प्राथमिक उपचार व टीकाकरण तो करवाया गया, लेकिन उसकी हालत में कोई विशेष सुधार नहीं हो पाया। इसके बाद शहीद भगत सिंह क्लब के सदस्यों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि नंदी का पिछला हिस्सा पूरी तरह निष्क्रिय हो चुका है, जिससे उसके उठने - बैठने में भी भारी परेशानी हो रही है। स्थिति को और गंभीर बनाता हुआ पहलू यह है कि घायल नंदी पर आवारा कुत्तों के हमले का खतरा भी लगातार बना हुआ है। कड़ाके की ठंड के बीच खुले आसमान तले तड़पते इस निरीह प्राणी की हालत ने पशु प्रेमियों और सामाजिक संगठनों को झकझोर कर रख दिया है। क्लब सदस्यों ने सरकार व प्रशासन से भावुक अपील करते हुए मांग की है कि घायल नंदी को तुरंत किसी सुरक्षित स्थान पर पहुंचाकर समुचित व निरंतर उपचार की व्यवस्था की जाए, ताकि ठंड, भूख और पीड़ा के कारण उसकी जान न जाए। उन्होंने कहा कि यह बेसहारा नंदी मानवीय संवेदना और त्वरित कार्रवाई का पूरा हकदार है ।स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों ने भी प्रशासन से आग्रह किया है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत आवश्यक कदम उठाए जाएं और इस निरीह प्राणी के जीवन की रक्षा सुनिश्चित की जाए।

## गगरेट में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की संयुक्त संगठनात्मक बैठक आयोजित



जागो वर्ल्ड -गगरेट / ज्योति स्याल

गगरेट विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के गगरेट व दौलतपुर मंडलों की संयुक्त संगठनात्मक बैठक गगरेट स्थित रविदास मंदिर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुरम सिंह ने की। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, विस्तार देने और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में गगरेट मंडल अध्यक्ष कमल जीत और दौलतपुर मंडल अध्यक्ष नानक चंद सहित दोनों मंडलों की कार्य कारिणी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विशेष रूप से प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष चैतन्य शर्मा की उपस्थिति ने बैठक को मार्गदर्शन प्रदान किया जिला अध्यक्ष सुरम सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अनुसूचित जाति मोर्चा पार्टी की रीढ़ है और संगठन की मजबूती के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने, केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्य- ाणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने तथा सामाजिक समरसता को और सुदृढ़ करने पर जोर दिया ।बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य महेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष सतीश गोगी, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार, जिला महामंत्री सुमन, गगरेट मंडल अध्यक्ष नितिन ठाकुर, महामंत्री राजीव पराश, श्याम लाल निर्मल कुमार, साहिल कुमार, स्वान कुमार व अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## स्वर्ण जयंती उत्कृष्ट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ठठल के छात्र-छात्राओं ने किया आईटीआई नैहरियां का प्री वोकेशनल टुअर






जागो वर्ल्ड -गगरेट/अम्ब /ज्योति स्याल

विधानसभा क्षेत्र चिंतपूर्णी के अंतर्गत आने वाले स्वर्ण जयंती उत्कृष्ट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ठठल के छात्र- छात्राओं ने वीरवार को नैहरियां स्थित सरकारी आईटीआई में एक दिवसीय " प्री वोकेशनल टुअर " किया । इस अवसर पर विद्यालय के छठ्ठी , सातवीं व आठवीं कक्षाओं के लगभग 80 छात्र - छात्राओं ने आईटी आई की कार्यप्रणाली और वर्तमान में यहां चल रहे विभिन्न व्यवसायों के बारे में विस्तार से जाना इस अवसर पर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नैहरियां के गणित विषय के अनुदेशक सुनील दत्त ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि आने वाले समय में वोकेशनल शिक्षा का ज्ञान होना बहुत जरूरी है । उन्होंने आईटीआई में एडमिशन से संबंधित तमाम जानकारी बच्चों को समझाई और आने वाले समय में एडमिशन हेतु ऑनलाइन फॉर्म भरने के लिए आईटीआई के कार्यालय में आने का आग्रह किया , ताकि किसी तरह की कोई समस्या न हो यहां यह कार्य नि: शुल्क किया जाता है । उन्होंने कहा कि यहां की एडमिशन फीस भी बहुत कम है और लड़कियों की तो ट्यूशन फीस भी नहीं ली जाती है । जिनकी पारिवारिक सालाना आय दो लाख रुपये से कम है , उन्हें एक हजा़र रुपये मासिक कौशल विकास भत्ता सरकार की तरफ से दिया जाता है । इसके अलावा एससी , एसटी और ओबीसी के बच्चों को अलग से तीन हजार रुपये वजी़फा और टूल किट भी दी जाती है । संस्थान में समय -समय पर मल्टीनेशनल कंपनियां बुलाकर यहां कैंपस साक्षात्कार के माध्यम से अंतिम बर्ष के प्रशिक्षुओं की प्लेसमेंट भी सुनिश्चित की जाती है ।आईटीआई के प्रधानाचार्य परवेश शर्मा ने बताया कि यह आईटीआई सन् 2007 में शुरू हुई थी वर्तमान में इस आईटीआई में फिटर , एसओटी और ड्रेस मेकिंग व्यवसायों में 84 प्रशिक्षु प्रशिक्षण ग्रहण कर रहे हैं । उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि जब आप घर जाएं तो आईटीआई और आईटीआई में चल रहे विभिन् व्यवसायों के बारे में अपने परिजनों और दोस्तों को जरूर बताएं । आईटीआई के अनुदेशकों विवेक कुमार अनिल कुमारी और आशा रानी ने भ्रमण पर आए छात्र छात्राओं को विभिन्न कार्य- शालाओं में ले जा कर वहां स्थापित मशीनों के बारे में कई महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध करवाईं । इस अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ठठल की ओर से आए भौतिक विषय के प्रवक्ता अमित कुमार शर्मा , अध्यापक राहुल जस्सल व अध्यापिका अंजना कुमारी भी उपस्थित रहे इस अवसर पर भ्रमण पर आए छात्र - छात्राओं नाजिया, सुहाना, कनिका, अक्षिता, राधिका, मन्नत, आदित्य, केशव, रितिक पटियाल, गरिमा, अनमोल सूरज, दिव्यांश व तरुण ने विद्यालय के इस प्रयास क़ो सराहा और टूअर में प्राप्त जानकारियों क़ो भविष्य के लिए बहुपयोगी बताया ।

## डेरा बाबा हरि शाह अंबोआ दरबार में 28वीं श्रीमद् गौ भागवत कथा का विधिवत समापन

जागो वर्ल्ड -दौलतपुर चौक /संजीव डोगरा



डेरा बाबा हरि शाह अंबोआ दरबार में बाबा राकेश शाह जी के पावन सानिध्य में आयोजित 28वीं श्रीमद् गौ भागवत कथा का वीरवार को विधिवत रूप से समापन हो गया। समापन अवसर पर सुबह विद्वान ब्राह्मणों द्वारा गणेश पूजन, नवग्रह पूजा तथा लक्ष्मी- नारायण जी का विधिवत पूजन किया गया। इसके उपरांत यजमानों द्वारा घर व क्षेत्र की सुख- समृद्धि के लिए हवन किया गया। हवन के पश्चात चादर व झंडा चढ़ाने की रस्म अदा की गई। कथा के अंतिम दिन कथा वाचक पंडित कृष्ण कन्हैया जोशी जी ने श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और मित्रता का गूढ़ संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भले ही आज का व्यक्ति ईश्वर की सत्ता को न माने लेकिन जीवन में एक न एक दिन उसे ईश्वर की महत्ता को स्वीकार करना ही पड़ता है। संसार में जितने भी असुर उत्पन्न हुए, सभी ने ईश्वर के अस्तित्व को नकारा और स्वयं भगवान बनने का प्रयास किया, लेकिन जब ईश्वर ने अपनी सत्ता की एक झलक दिखाई तो उनका अस्तित्व समाप्त हो गया। उन्होंने कहा कि अधर्म के मार्ग पर चलने वाला व्यक्ति कितना ही शक्तिशाली क्यों न हो, वह धर्म के मार्ग पर चलने वाले के सामने अधिक समय तक नहीं टिक सकता। जीव का नित्य संबंध परमात्मा से है, लेकिन माया के बंधन में फंसकर वह उस भगवद् संबंध को भूल जाता है। उस शाश्वत संबंध का बोध गुरु ही कराते हैं। उन्होंने माता को प्रथम और श्रेष्ठ गुरु बताते हुए कहा कि वही जीवन को सही दिशा प्रदान करती हैं।कथा क ेदौरान पंडित कृष्ण कन्हैया जोशी जी ने श्री कृष्ण-सुदामा मिलन का भावपूर्ण प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि संसार में श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी अनोखी मित्रता विरले ही देखने को मिलती है। सुदामा भले ही जीवन में निर्धन थे, लेकिन मन से अत्यंत धनवान थे। उन्होंने अपने सुख- दुख को भगवान की इच्छा पर छोड़ दिया था। इस प्रसंग को सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। कथा में छोटे-छोटे बच्चों को श्रीराधा, श्रीकृष्ण और सुदामा के रूप में सजाया गया, जिसने सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कथा वाचक ने कहा कि वर्तमान समय में स्वार्थवश मित्रता की जाती है, लेकिन श्रीकृष्ण -सुदामा की मित्रता निस्वार्थ प्रेम और समर्पण का प्रतीक है, जिससे सभी को सीख लेनी चाहिए उन्होंने ऋषि- मुनियों और ब्राह्मणों के सम्मान पर भी बल देते हुए कहा कि जो व्यक्ति उनका अपमान करता है या उनके धन को हानि पहुंचाता है, उसका तथा उसकी आने वाली पीढ़ियों का पतन निश्चित है। उन्होंने यदुवंश के विनाश का प्रसंग सुनाकर इस संदेश को स्पष्ट किया कथा के समापन पर राजा परीक्षित के मोक्ष का प्रसंग सुनाया गया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही मनुष्य के पाप नष्ट हो जाते हैं और जीवन को सही दिशा मिलती है। सात दिनों तक भागवत कथा का श्रवण करने से जीव का उद्धार होता है और कथा करवाने वाले भी पुण्य के भागी बनते हैं।कथा विश्राम के उपरांत सभी श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान डेरा परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा।

## प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय प्रशासन के समक्ष छात्रों की व्यावहारिक कठिनाइयों को रखते हुए उनसे शीघ्र समाधान की मांग की

जागो वर्ल्ड -शिमला/टीना ठाकुर




आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेशविश्वविद्यालय इकाई द्वार छात्रों की विभिन्न समस्याओं और शैक्षणिक हितों को ध्यान में रखते हुए माननीय कुलपति महोदय को एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा गया। परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय प्रशासन के समक्ष छात्रों की व्यावहारिक कठिनाइयों को रखते हुए उनसे शीघ्र समाधान की मांग की ।ज्ञापन में विशेष रूप से स्नातक (यूजी) विद्यार्थियों से जुड़ी दो प्रमुख मांगें प्रमुखता से उठाई गईं। पहली मांग के अंतर्गत परिषद ने आग्रह किया कि यूजी स्पेशल चांस के अंतर्गत आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं में छात्रों से केवल उन्हीं विषयों की परीक्षा ली जाए, जिनमें वे असफल रहे हैं। परिषद का कहना है कि वर्तमान व्यवस्था के कारण छात्रों पर अनावश्यक मानसिक, आर्थिक और शैक्षणिक दबाव पड़ता है। कई छात्र पहले ही उत्तीर्ण विषयों की दोबारा तैयारी करने को मजबूर हो जाते हैं, जिससे उनका समय और संसाधन व्यर्थ होते हैं। यदि केवल फेल विषयों की ही परीक्षा ली जाती है, तो छात्रों को वास्तविक राहत मिलेगी और वे बेहतर परिणाम दे सकेंगे। दूसरी मांग में यूजी परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि को आगे बढ़ाने की मांग रखी गई। परिषद ने बताया कि कई छात्र आर्थिक, तकनीकी एवं व्यक्तिगत कारणों से निर्धारित समय सीमा में परीक्षा फॉर्म नहीं भर पा रहे हैं। विशेषकर ग्रामीण एवं दूरदराज़ क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों को इंटरनेट, दस्तावेज़ों तथा फीस से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में अंतिम तिथि में वृद्धि करना छात्रों के भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है।एबीवीपी ने स्पष्ट किया कि विद्यार्थी परिषद सदैव छात्रों की आवाज़ बनकर विश्वविद्यालय प्रशासन के समक्ष उनकी समस्याओं को उठाती रही है। परिषद का मानना है कि विश्वविद्यालय का दायित्व केवल शैक्षणिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि छात्र हितों की रक्षा करना भी उसका प्रमुख कर्तव्य है। यदि इन मांगों को समय रहते स्वीकार किया जाता है, तो इससे हजारों छात्रों को सीधा लाभ मिलेगा और विश्वविद्यालय की छात्र- हितैषी छवि और अधिक सुदृढ़ होगी। माननीय कुलपति महोदय ने परिषद के प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि प्रस्तुत मांगों पर विश्वविद्यालय प्रशासन स्तर पर विचार किया लोकतांत्रिक एवं सकारात्मक तरीके से छात्रों के अधिकारों की रक्षा निरंतर कार्य करती रहेगी ।

## 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम आज कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत नालदेहरा के प्रांगण में आयोजित किया गया

जागो वर्ल्ड -शिमला/टीना ठाकुर




हिमाचल प्रदेश सरकार का महत्वाकांक्षी कार्यक्रम 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम आज कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत नालदेहरा के प्रांगण में आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने की।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के निर्देशानुसार 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम प्रदेश के सभी जिलों और सभी विधानसभा क्षेत्रों में चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत पंचायत स्तर पर जाकर आम जनमानस की समस्याएं सुनी जा रही हैं और मौके पर ही उनके समाधान के निर्देश दे दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री ने निर्णय लिया था कि शासन को जनता के द्वार तक ले जाया जाएगा ताकि दूरदराज क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का समाधान घर द्वार पर ही सुनिश्चित किया जा सके।विशेष राजस्व अभियान के तहत प्रदेश में निपटाए 5.10 लाख मामलेअनिरुद्ध सिंह ने कहा कि भूमि विवादों के कारण वर्षों तक मामले अदालतों में चलते रहते हैं और कई बार अपराधिक प्रकरण भी उत्पन्न हो जाते हैं। सरकार का उद्देश्य इन मामलों को प्रशासनिक स्तर पर समयबद्ध ढंग से सुलझाना है। उन्होंने कहा कि अक्टूबर 2023 में शुरू किए गए विशेष राजस्व अभियान के तहत दिसंबर 2025 तक प्रदेश में 5 लाख 10 हजार से अधिक राजस्व मामलों का निपटारा किया गया है। कैबिनेट मंत्री ने 1.50 करोड़ से बनने वाली दो सड़कों का किया शिलान्यास इससे पहले कैबिनेट मंत्री ने लगभग 1.50 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाली दो सड़कों नालदेहरा से बनरेडी (ओडू) संपर्क सड़क तथा कोगी से डगोग संपर्क सड़क का शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पंचायत क्षेत्रों को आपस में जोड़ने के लिए लोगों के मांग पर इन दोनों सड़कों का निर्माण किया जा रहा है और इस दिशा में सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि लगभग 01 करोड़ रुपए बनरेडी (ओडू) संपर्क सड़क पर खर्च किए जा रहे हैं जबकि 50 लाख रुपए की राशि कोगी से डगोग संपर्क सड़क पर खर्च की जाएगी, जिसके लिए प्रथम किश्त के रूप में 25 लाख रुपए की राशि स्वीकृत कर 31 मार्च से पहले स्थापित किए जा रहे है।

## सेना अपना 78वाँ सेना दिवस मना रही है और अलग अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा

जागो वर्ल्ड -शिमला/टीना ठाकुर




भारतीय सेना अपना 78 वाँ सेना दिवस मना रही है और अलग अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज शिमला स्थित आर्मी ट्रेनिंग कमांड (एआरटी आरएसी) द्वारा निकड्रिन ऑफिसर्स मेस में AT Home का आयोजन किया गया जिसमें राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही 21वीं सदी की उभरती सुरक्षा चुनौतियों के लिए भारतीय सेना की तैयारियों पर प्रकाश डाला।इस मौके पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि सेना दिवस कोई औपचारिक उत्सव नहीं, बल्कि भारतीय सेना के साहस, शौर्य और राष्ट्र की संप्रभुता का प्रतीक है। राज्यपाल ने कहा कि सेना है तो हम है और हम है तो देश है। सेना की बदौलत आज देश और देशवासी सुरक्षित हैं। सेना की महानता को कोई चुनौती नहीं दे सकता। शिमला स्थित आर्मी ट्रेनिंग कमांड एआरटीआरएसी द्वारा निकड्रिन ऑफिसर्स मेस में का आयोजन किया गया जिसमें राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। समारोह को संबोधित करते हुए एआरटीआरएसी के जनरल ऑफिसर कमांडिंग- इन-चीफ (जीओसी -इन-सी) लेफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र शर्मा ने कहा कि सेना दिवस कोई परेड या उत्सव मात्र नहीं, बल्कि उन वीरों को नमन करने का दिन है जिन्होंने राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने 21वीं सदी में भी राष्ट्रीय सुरक्षा के मजबूत कवच के रूप में अपनी भूमिका बार-बार सिद्ध की है।

## सुंदरनगर में विकास कार्यों को लेकर छिड़ा घमासान अब कानूनी लड़ाई की ओर बढ़ता नजर आ रहा



जागो वर्ल्ड -मंडी/ सचिन शर्मा

हिमाचल प्रदेश की सबसे बड़ी और भाजपा शासित नगर परिषद सुंदरनगर में विकास कार्यों को लेकर छिड़ा घमासान अब कानूनी लड़ाई की ओर बढ़ता नजर आ रहा है। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी (ईओ) द्वारा हाउस को विश्वास में लिए बिना करीब 1.5 करोड़ रुपये की लागत वाले 75 टेंडरों को अचानक रद्द करने के फैसले से परिषद की राजनीति गरमा गई है। गौरतलब है कि ये सभी टेंडर भारी बरसात और प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों व नालियों की मरम्मत के लिए जारी किए गए थे, जिनका काम अब पूरी तरह रुक गया है। नगर परिषद अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने इस कार्रवाई को पूरी तरह अलोकतांत्रिक और प्रशासनिक मनमानी करार दिया है। उन्होंने प्रेस वार्ता के दौरान आरोप लगाया कि राजनीतिक दबाव में लिया गया यह एकतरफा निर्णय निर्वाचित प्रतिनिधियों की शक्तियों का हनन और जनता के हितों के साथ बड़ा खिलवाड़ है। अध्यक्ष ने कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया है कि वे इस प्रशासनिक तानाशाही को कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि इस मामले में कानूनी सलाह ली जा रही है और जनता के हक की लड़ाई के लिए नगर परिषद अदालत का दरवाजा खटखटाने से भी पीछे नहीं हटेगी।अध्यक्ष ने उच्च प्रशासनिक अधिकारियों से इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच और दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।इस विवाद के चलते शहर में आपदा से हुए नुकसान की भरपाई और विकास की रफ्तार पर फिलहाल संकट के बादल मंडराने लगे हैं।

## त्रिलोकपुर में लगेंगे पर्यटन को नए पंख शिव मंदिर परिसर में आरम्भ हुई बोटिंग

जागो वर्ल्ड - सिरमौर/जीडी शर्मा



त्रिलोकपुर में लगेंगे पर्यटन को नए पंख ,शिव मंदिर परिसर में आरम्भ हुई बोटिंग विधायक अजय सोलंकी ने किया नौकायन का लोकार्पण ,गौ सदन शिलान्यास इंट्रो उत्तर भारत की प्रसिद्ध सिद्धपीठ माता बाला सुंदरी त्रिलोकपुर जहां माता के बाल रूप को लेकर प्रसिद्ध है और वर्ष भर यहां पर प्रदेश सहित पड़ोसी राज्यों से श्रद्धालुओं का ताँता लगा रहता है। अब इस स्थान को पर्यटन की दृष्टि से भी विकसित करने का कार्य चला हुआ है। इसी कड़ी में आज विधायक नाहन अजय सोलंकी ने त्रिलोकपुर परिसर में बने शिव मंदिर तालाब से नौकायन का भी शुभारम्भ किया। इस तालाब में 8 नौकाएं हैं जिनमे पर्यटक बोटिंग का आनंद भी ले सकेंगे। माता बाला सुंदरी मंदिर ट्रस्ट की ओर से यह व्यवस्था की गयी है

## हिमाचल विधानसभा की लोक लेखा समिति ने शुक्रवार को अपने गुजरात प्रवास के दौरान गांधीनगर में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत से मुलाकात

जागो वर्ल्ड -शिमला/टीना ठाकुर



हिमाचल विधानसभा की लोक लेखा समिति ने शुक्रवार को अपने गुजरात प्रवास के दौरान गांधीनगर में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत से मुलाकात की तथा हिमाचल में प्राकृतिक खेती को लेकर हुए कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। गौरतलब है कि विधानसभा की लोक लेखा समिति अध्यक्ष अनिल शर्मा सहित सदस्यों केवल सिंह पठानिया, विधायक संजय रत्न, विधायक इंद्र सिंह, बलबीर वर्मा, विधायक जनक राज, विधायक जीतराम कटवाल, विधायक मलेंद्र राजन विधायक कैप्टन रणजीत सिंह विभिन्न विषयों के अध्ययन के लिए गुजरात प्रवास पर है। यह जानकारी राज्यपाल देवव्रत के साथ हिमाचल में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के कदमों की विस्तार से जानकारी दी तथा राज्यपाल ने हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक खेती की दिशा में बेहतर कार्य की सराहना भी की गई। केवल सिंह खेती को जन आंदोलन बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे इस दिशा में आगे बढ़कर आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ पर्यावरण और सुरक्षित अन्न सुनिश्चित करें।उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी कृषि जलवायु क्षेत्रों में किसान और बागवान विभिन्न फसलों व फलों को सफलतापूर्वक प्राकृतिक विधि से उगा रहे हैं। प्रदेश में अभी तक 3 लाख 6 हजार किसान बागवानों को प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण दिया गया है।